अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुल्तानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 317 लखनऊ, गुरुवार, 05 जून 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

# बेंगलुरु में भगदड़ के दौरान 11 लोगों की मौत, 33 घायल

- मृतक परिजनों को दिए जाएंगे 10-10 लाख
- राज्य सरकार ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए

एजेंसी




बेंगलुरु। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री परेड के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। राज्य सरकार ने इसकी पुष्टि करते हुए मृतक परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की है। बुधवार को आरसीबी की विक्ट्री परेड में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मौजूद थे। पुलिस ने उन्हें काबू करने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसके बाद भगदड़ मच गई। स्टेडियम के मेन गेट के पास मची भगदड़ में लोगों की मौत हुई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। अधिकृत जानकारी के मुताबिक बॉरिंग अस्पताल में 7 और वैदेही अस्पताल में 4 लोगों की मौत हो गई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हादसे के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि ''विजय समारोह के दौरान एक बड़ी त्रासदी हुई। सरकार ने मृतकों के लिए 10 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। सरकार घायलों को मुफ्त इलाज मुहैया कराएगी।'' सिद्धारमैया ने कहा ''मैं इस घटना का बचाव नहीं करना चाहता। मैंने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और 15 दिन का समय दिया है। किसी को इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी, स्टेडियम की क्षमता सिर्फ़ 35,000 लोगों की है, लेकिन 2-3 लाख लोग आए। यह त्रासदी नहीं होनी चाहिए थी। सरकार इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करती है।'' प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और गृह मंत्री जी परमेश्वर भी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि बड़ी संख्या में पहुंची भीड़ बेकाबू थी जिसे संभालने में पुलिस को मुश्किलें हो रही थी। हवाई अड्डे से लेकर स्टेडियम तक भीड़ बेकाबू थी। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा, ''राज्य सरकार को इस त्रासदी की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। जब ??पूरा देश और कर्नाटक टएउ की जीत का जश्न मना रहा था, तब राज्य सरकार ने बिना किसी पूर्व तैयारी के विजय रैली निकालने की जल्दबाजी की, जिससे यह त्रासदी हुई। राज्य सरकार ने कभी पूर्व तैयारियों की परवाह नहीं की। उन्हें प्रचार में अधिक रुचि थी। इसका नतीजा यह हुआ कि 11 से अधिक लोगों की मौत हो गई। कुछ लोग आईसीयू में हैं। मैंने कुछ पीड़ितों से बात की, अंदर कोई पुलिस नहीं थी, कोई एम्बुलेंस सुविधा नहीं थी। मुख्यमंत्री को मामले को न्यायिक जांच के लिए भेजना चाहिए।'' हादसे के बाद स्टेडियम के भीतर बड़ी संख्या में उपस्थित प्रशंसकों के सामने आईपीएल 2025 की विजेता टीम आरसीबी के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

# साल 2027 में जातियों के साथ दो चरणों में होगी जनगणना

- अधिसूचना 16 जून को होगी जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना-2027 में दो चरणों में कराने की घोषणा की है और इसके लिए अधिसूचना 16 जून को जारी की जायेगी। लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों जनगणना का काम अगले साल सितंबर में ही शुरू किया जा सकता है। बाकी प्रदेशों में यह काम फरवरी 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है। सरकार के निर्णय के अनुसार इस बार की जनगणना में जातियों की गणना भी शामिल होगी। पिछली जनगणना 2011 में की गयी थी और उस समय भी यह काम दो चरणों में पूरा किया गया था। गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि जनगणना - 2027 के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00:00 बजे की रखी जायेगी। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख




और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि अक्टूबर, 2026 के प्रथम दिन 00:00 बजे रखी गयी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 3 के प्रावधान के अनुसार उपरोक्त संदर्भ तिथियों के साथ जनगणना कराने के आशय की अधिसूचना आगमी 16 जून को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। सरकार 2021 की जनगणना कोविड के कारण नहीं करा सकी थी। जनगणना-2021 के पहले चरण की सभी तैयारियां पूरी हो गयी थी और पहली अप्रैल, 2020 से कुछ राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में फील्ड वर्क शुरू होने वाला था।

## संक्षिप्त

### संसद सत्र की घोषणा 45 दिन पहले करना अभूतपूर्व : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने संसद के मानसून सत्र शुरु होने की सरकार की घोषणा पर हैरानी जताते हुए कहा है कि अक्सर संसद सत्र शुरु होने के कुछ दिन पहले ही इसकी सूचना दी जाती थी, लेकिन इस बार अभूतपूर्व तरीका अपनाते हुए डेढ़ माह से ज्यादा समय पहले ही सत्र शुरु करने की घोषणा कर दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आमतौर पर संसद सत्र की तारीखों की घोषणा कुछ दिन पहले की जाती रही है, लेकिन इस बार सरकार ने अत्यधिक तत्परता दिखाते हुए सत्र शुरू होने से 47 दिन पहले ही तारीखों का एलान कर दिया है। यह अभूतपूर्व है और किसी सरकार में पहले ऐसा कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह निर्णय मोदी सरकार ने केवल इसलिए लिया है ताकि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन द्वारा बार-बार उठाई जा रही विशेष बैठक की मांग से बचा जा सके।

### पंजाब में पाकिस्तान को गोपनीय जानकारी देने वाला एक और यूटयूबर गिरफ्तार


चंडीगढ़। पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल आपरेशन सेल (एसएसओसी) एसएएस नगर ने पाकिस्तान की इंटर- सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के आरोप में एक यूट्यूब इनफलूऐंसर को गिरफ़्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को आरोपित को कोर्ट में पेश कर 3 दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि गिरफ़्तार आरोपित की पहचान जसबीर सिंह उर्फ जान माहल (41) निवासी गांव माहलां रूपनगर के तौर पर हुई है। जसबीर 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर वाला एक सोशल मीडिया इनफलूऐंसर है, जो ''जान माहल वीडियो' नाम का यूट्यूब चैनल चला रहा था। वह यात्रा और खाना पकाने सम्बन्धी ब्लॉग पोस्ट करता था।

### यूपी में एयरोस्पेस और डिफ़ेन्स निवेश को लगेंगे पंख

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने डिफ़ेन्स एवं एयरोस्पेस सेक्टर में भारी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अधिसूचित किया है। इसके अंतर्गत राज्य के छह डिफ़ेन्स नोड (अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट) विकास के केंद्र बनेंगे। सरकार का मानना है इन क्षेत्रों में एयरोस्पेस और रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए प्रचुर संभावनाएं हैं।

# देश में कोविड स्थिति पर सतर्कता बरतने की सलाह

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों की समीक्षा करते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी तथा राज्यों को ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्रालय के सूत्रों ने यहां बताया कि देश में कोविड-19 मामलों में हाल ही में हुई वृद्धि के मद्देनजर दो और तीन जून को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपातकालीन प्रबंधन प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम और दिल्ली में केंद्र सरकार के अस्पतालों के प्रतिनिधियों और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ वर्तमान कोविड-19 स्थिति और तैयारियों के उपायों का मूल्यांकन करने के लिए तकनीकी समीक्षा बैठकें आयोजित की गई।

दिशानिर्देशों के अनुसार सभी भर्ती मामलों और पांच प्रतिशत आईएलआई मामलों के लिए परीक्षण की सिफारिश की गयी है। आईसीएमआर वीआरडीएल से संदिग्ध नमूने पूरे अनुवांशिकी अनुक्रमण के लिए भेजे जाते हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा सहयोग और मजबूत करने पर फोकस

- ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री ने नेहरू पार्क में सुबह की दौड़ लगाई, मालचा मार्ग पर जाकर चाय पी

एजेंसी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस एमपी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने के साथ रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर फोकस किया। दोनों देश इस बात पर भी सहमत हुए कि रक्षा और सुरक्षा व्यापक रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ हैं और हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने आज राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर भारत के वीरों को श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री ने आज मार्लेस से द्विपक्षीय वार्ता से पहले मुलाकात की। मार्लेस ने तीनों सेनाओं के सलामी गारद का निरीक्षण किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को रेखांकित किया गया। राजनाथ सिंह ने रिचर्ड मार्लेस एमपी के साथ अत्यंत उपयोगी बैठक के दौरान भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी की पूरी श्रृंखला की समीक्षा की। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने में उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता और नेतृत्व हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है। पहलगाम में आतंकवाद के बर्बर कृत्य के खिलाफ दृढ़ प्रतिक्रिया के लिए ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन को लेकर भारत ने उनका आभार व्यक्त किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक में रिचर्ड मार्लेस ने कहा कि हम आपकी सरकार और प्रधानमंत्री मोदी तथा उनके नेतृत्व के प्रति बहुत आभारी हैं, जिसने हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को एक बिल्कुल अलग स्तर पर पहुंचा दिया है। हमें लगता है कि भारत के साथ हमारा रणनीतिक तालमेल पहले कभी इतना नहीं रहा, जितना अब है। यह दोस्तों के साथ मिलकर काम करने का समय है और हम निश्चित रूप से भारत को उसी नजरिए से देखते हैं। आपके साथ हमारे संबंध सर्वोच्च प्राथमिकता वाले हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों का रक्षा पहलू पूरे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।हमारे रक्षा संबंध दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच वार्षिक नेताओं के शिखर सम्मेलन के परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### मोदी से मिले ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने आज यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में हुए संघीय चुनावों में ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर उप प्रधानमंत्री मार्लेस को बधाई दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं ने भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। इस साझीदारी के इस वर्ष पांच साल पूरे हो गए।

# 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष के दौरे से उत्तर प्रदेश को उम्मीद

- केन्द्रीय करों में हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बुधवार को यहां एक बैठक कर केन्द्र और राज्यों के बीच केन्द्रीय करों के बंटवारे पर चर्चा की। पनगढ़िया ने केन्द्र सरकार के राजस्व में से राज्यों को मिलने वाली हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग की है।16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया आज उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। केन्द्र और राज्यों के बीच केन्द्रीय करों के बंटवारे पर वित्त आयोग की बैठक में चर्चा हुई। इसके बाद लोकभवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में पनगढ़िया ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा एकत्रित करों में राज्यों की हिस्सेदारी को कुछ हद तक बढ़ाया जा सकता है, लेकिन जितना राज्यों की मांग है, उतना नहीं किया जा सकता। पनगढ़िया ने बताया कि वर्तमान में केन्द्र सरकार अपने कर राजस्व का 59 प्रतिशत अपने पास रखती है। 41 फीसदी राज्यों को देती है। उत्तर प्रदेश के साथ ही कई राज्यों ने इस हिस्सेदारी को 41 से बढ़ाकर 50 फीसदी करने की मांग की है। यह 41 प्रतिशत सभी राज्यों को सीधा बंटवारा होता है।

अरविन्द पनगढ़िया ने पत्रकारों को बताया कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है। तैयार प्रस्ताव को भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि आयोग के प्रस्तावों को राष्ट्रपति द्वारा स्वीकार किया गया है। इसके अलावा, वित्त आयोग स्थानीय निकायों और पंचायतों के लिए बजट आवंटन का प्रस्ताव भी तैयार करता है, जो 72वें संवैधानिक संशोधन का हिस्सा है। आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों के लिए भी आयोग बजट का प्रस्ताव देता है। पनगढ़िया ने कहा कि आयोग के सदस्य हर राज्य का दौरा कर वहां की आर्थिक और सामाजिक जरूरतों का आकलन करते हैं। उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से स्थानीय निकायों और पंचायतों के लिए बजट आवंटन पर चर्चा हुई।

# लक्ष्य के सापेक्ष 5451.22 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई : आबकारी मंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह मई में आबकारी विभाग ने 4900 करोड़ रुपये लक्ष्य के सापेक्ष 5451.22 करोड़ रुपये (111.25 प्रतिशत) के राजस्व की प्राप्ति हुई है। जबकि गत वर्ष इसी माह के लिए निर्धारित लक्ष्य 4900 करोड़ रुपये के सापेक्ष 4593.44 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया गया था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह मई तक 9770.68 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ है।

आबकारी मंत्री नितिन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह मई तक प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिकी एवं तस्करी के कुल 19,800 अभियोग दर्ज करते हुए 5.47 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गयी। अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त 3,681 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 716 व्यक्तियों को जेल भेजा गया तथा अवैध मदिरा की तस्करी में संलिप्त 27 वाहनों को जब्त किया गया। बरामद शराब की कीमत का अनुमानित बाजार मूल्य रू. 18.53 करोड़ रहा है। आबकारी मंत्री ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह मई, 2024 तक प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिकी एवं तस्करी के कुल 18,026 अभियोग दर्ज करते हुए 5.03 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गयी थी।

# स्वस्थ बीज से होगी किसानों की समृद्धि : सूर्य प्रताप शाही

- यूपी में 25 जून तक कृषि विभाग चला रहा बीज शोधन अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य प्राप्त करने में यहां के कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका है। प्रदेश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर आधारित है। कृषि में फसलोत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका है। फसलों को कीट, रोग, खरपतवारों तथा चूहों आदि के नुकसान से बचाने के लिए योगी सरकार द्वारा बीज शोधन अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दी।

कृषि मंत्री ने अपने बयान में कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में खरपतवारों के बाद सबसे अधिक क्षति रोगों से होती है। महंगे रसायनों के प्रयोग से कृषि लागत में वृद्धि होती है और समय से रोग की रोकथाम न होने से उत्पादन एवं उत्पादित फसल की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उत्पादन में बीज जनित रोगों से बचाव के लिए बीज शोधन तकनीक का अत्यधिक महत्व है। इसे बीज का टीका भी कहते हैं। जिससे फसलो में भविष्य में जीवाणु तथा कवकों आदि से होने वाले रोगों का बचाव किया जाता है। इसके निवारण के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में 25 मई से 25 जून तक बीज शोधन अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बीज शोधन के महत्व की जानकारी देकर कृषकों को शत-प्रतिशत बीज शोधन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# तत्काल टिकटों के अनधिकृत बुकिंग नेटवर्क पर रेलवे का कड़ा प्रहार

## भारतीय रेलवे ने ढाई करोड़ संदिग्ध आईडी किया निष्क्रिय

एजेंसी

Ministry of Railway
Government of India

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने पारदर्शिता, सुरक्षा और उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, अपने टिकटिंग बुनियादी ढांचे में व्यापक डिजिटल बदलाव करके ढाई करोड़ संदिग्ध आईडी निष्क्रिय करके अनधिकृत तत्काल बुकिंग पर कड़ा प्रहार किया है जिसके बाद वास्तविक उपयोगकर्ताओं को बहुत राहत मिली है।

रेल मंत्रालय ने बुधवार को यहां नयी जानकारी देते हुए कहा कि नये डिजीटल प्लेटफॉर्म पर अत्याधुनिक एंटी-बीओटी सिस्टम के इस्तेमाल और एक प्रमुख कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) सेवा प्रदाता के साथ एकीकरण के माध्यम से, रेलवे ने तत्काल श्रेणी के टिकटों की अनधिकृत स्वचालित बुकिंग पर काफी हद तक अंकुश लगाकर वास्तविक उपयोगकर्ताओं के लिए वेबसाइट की पहुंच में सुधार किया है।

नए सिस्टम ने सभी बॉट ट्रैफ़िक को प्रभावी रूप से कम कर दिया है, जो तत्काल योजना के पहले पांच मिनट के दौरान चरम पर होता है। इस अवधि के दौरान कुल लॉगिन प्रयासों में बॉट ट्रैफ़िक का हिस्सा 50 प्रतिशत तक होता है। यह वृद्धि वास्तविक उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित करती है। इसका परिणाम यह हुआ कि टिकट बुकिंग के लिए 2.5 करोड़ संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी निष्क्रिय कर दी गई हैं। 22 मई को एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई, जिसमें 31 हजार 814 टिकटों की प्रति मिनट सबसे अधिक बुकिंग हुई जो इस उन्नत प्लेटफ़ॉर्म की मज़बूती एवं विश्वसनीयता को दर्शाता है।

निष्पक्षता और दक्षता को और बढ़ाने के लिए, नए उपयोगकर्ता प्रोटोकॉल पेश किए गए हैं। आधार के माध्यम से प्रमाणित नहीं होने वाले उपयोगकर्ता पंजीकरण के 3 दिन बाद ही ओपनिंग एआरपी, तत्काल या प्रीमियम तत्काल टिकट बुक कर सकते हैं, जबकि आधार-सत्यापित उपयोगकर्ता बिना देरी के टिकट बुक कर सकते हैं।

इन प्रयासों से जबर्दस्?त सुधार दिखायी दिया है। औसत दैनिक उपयोगकर्ता लॉगिन वित्त वर्ष 2023-24 में 69.08 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 82.57 लाख हो गया जो 19.53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। इसी अवधि में औसत दैनिक टिकट बुकिंग में 11.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, ई-टिकटिंग अब कुल आरक्षित टिकट बुकिंग का 86.38 प्रतिशत हिस्सा है। रेल मंत्रालय ले टिकट बुकिंग प्रणाली में सुधारों का विवरण देते हुए कहा कि 87 प्रतिशत सामग्री को तेज़ लोड समय और कम सर्वर लोड के लिए सीडीएन के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है।

# योगी सरकार ने विशिष्ट बच्चों के लिए शुरू किया पोस्टर अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● पोस्टर सिर्फ सूचना नहीं, संवेदनशीलता और संवाद की चिंगारी हैं : संदीप

लखनऊ। क्या आपने कभी सोचा है कि वह बच्चा जो बोल नहीं सकता, सुन नहीं सकता या सामान्य बच्चों की तरह पढ़ने में कठिनाई महसूस करता है। क्या उसे वही प्यार, अधिकार और अवसर मिल पाते हैं जो बाकी बच्चों को मिलते हैं ? इसी सवाल का जवाब तलाशते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक ऐसा अभियान शुरू किया है, जो सिर्फ नीति की बात नहीं करता, बल्कि दिलों को छूने का प्रयास करता है। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख में तैयार किए गए 15,92,592 पोस्टरों के माध्यम से एक राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें इन बच्चों के अधिकारों, आवश्यकताओं और समाज की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। पोस्टर वितरण के साथ-साथ स्कूल शिक्षकों को प्रशिक्षण, अभिभावकों से संवाद और समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी गई है। अभियान की शुरुआत से अब तक 75 जिलों के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों, सीएचसी/पीएचसी, बाल विकास केंद्रों और आशा केंद्रों पर पोस्टर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश के 1,32,716 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में ये पोस्टर वितरित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय को एक सेट (6 पोस्टर) उपलब्ध कराया गया है, जिनमें समावेशी शिक्षा और दिव्यांगता के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले संदेश शामिल हैं। इन पोस्टरों की सबसे खास बात है इनका भावनात्मक, सरल और व्यावहारिक होना। ये न केवल



जानकारी देते हैं, बल्कि आत्ममंथन को प्रेरित करते हैं। सवाल उठता है, 'वह बच्चा जो बोल नहीं सकता, लेकिन सुन सकता है, क्या आपने उसकी आंखों में भरोसा देखा है? इन पोस्टरों से यह स्वीकारने की प्रेरणा मिलती है कि समावेशी शिक्षा केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य के लिए आवश्यक है। यह भी समझ में आता है कि हर बच्चा खास है, लेकिन कुछ बच्चों को थोड़ा और खास समझे जाने की जरूरत है। इस अभियान में 'सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श' जैसे अति आवश्यक विषय पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। 2,65,432 सेट्स में उपलब्ध इन पोस्टरों में प्रत्येक सेट में 6 प्रकार के पोस्टर शामिल हैं, जो बच्चों को संवेदनशीलता, आत्म-सुरक्षा और आत्म-सम्मान के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। ये पोस्टर परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट स्कूलों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में लगाए जा रहे हैं। शेष पोस्टर पंचायत भवनों, पीएचसी/सीएचसी, आंगनबाड़ी और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे ताकि यह संदेश हर वर्ग तक पहुंचे कि सुरक्षित बचपन ही सशक्त भविष्य की नीव है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने बताया कि हम केवल स्कूलों में बेंच बढ़ाने की बात नहीं कर रहे। हम दायरे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। समावेशी शिक्षा बच्चों के साथ-साथ पूरे समाज को बेहतर बनाती है। शायद यह पहली बार है जब कोई सरकार पोस्टर को केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और संवाद की चिंगारी मान रही है। यह एक ऐसा प्रयास है जो किसी बजट, टेंडर या स्कीम से आगे जाकर समाज की सोच में बदलाव लाने की क्षमता रखता है, क्योंकि असली समावेश वही है, जो सिर्फ नीति में नहीं, नजरिए में दिखे।

# अवधपुरी अति रुचिर बनाई देवन्ह सुमन बृष्टि झरि लाई

● त्रेतायुगीन वैभव से सराबोर की जा रही अयोध्या

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार व सात देवी देवताओं के उप मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा का महाअनुष्ठान वैदिक विद्वानों के निर्देशन में चल रहा है। इन मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा गुरूवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में होगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि सामूहिक प्राण प्रतिष्ठा के दिन 05 जून को रामलला का वीवीआई दर्शन नहीं हो सकेगा। अयोध्या के संत गयादास ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जितनी बार गए, अयोध्या को कुछ न



कुछ सौगात देकर आए। उनकी मंशा अयोध्या को दुनिया का सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल बनाने की है। इसके अनुरूप ही अयोध्या के कायाकल्प का काम जारी है। योगी सरकार की मंशा है कि अयोध्या उतनी ही भव्य दिखे जितनी त्रेता युग में थी। इसकी कल्पना गोस्वामी तुलसीदास ने कुछ इस तरह की है, 'अवधपुरी अति रुचिर बनाई। देवन्ह सुमन बृष्टि झरि लाई।' अयोध्या के इस स्वरूप की एक झलक दीपोत्सव के दौरान दिखती भी है। कायाकल्प के बाद यह स्वरूप स्थायी हो जाएगा। तब भगवान श्रीराम की अयोध्या कुछ वैसी ही होगी जिसका वर्णन उन्होंने खुद कभी इस तरह किया था। 'अवधपुरी सम प्रिय नहिं सोऊ, यह प्रसंग जानइ कोउ कोऊ, जन्मभूमि मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिसि बह सरजू पावनि। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिन्दुओं के सपने को मूर्त रूप दे रहे हैं। मुख्यमंत्री होने के बावजूद अपनी पद की गरिमा का पूरा खयाल रखते हुए कभी राम और रामनगरी से दूरी नहीं बनाई। मुख्यमंत्री के रूप में योगी ने ही अयोध्या का सबसे अधिक दौरा किया है। नतीजा सबके सामने है। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए राम मंदिर के पक्ष में देश की शीर्ष अदालत का फैसला आया। देश और दुनिया के करोड़ों रामभक्तों, संतों, धर्माचार्यों की मंशा के अनुसार योगी की मौजूदगी में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन्मभूमि पर भव्य एवं दिव्य राम मंदिर की नींव रखी।

# गुजरात लौट रही बस को लखनऊ में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। पश्चिम बंगाल से गुजरात के लिए लौट रही ट्रैवेल बस को लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र में कानपुर शहर की एक व्यवसायिक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रक चालक शुभम घायल हो गया और उसे पुलिसकर्मियों ने अपेक्स ट्रामा सेंटर भिजवाया। एसीपी गोसाईगंज ऋषभ रूनवाल ने पत्रकारों को बताया कि बीती रात एक बजे के करीब गोसाईगंज के दुलार मऊ गांव के निकट हाइवे पर बस (जीजे 11 डब्लू 0883) को पीछे से कानपुर के सजेती इलाके की व्यावसायिक ट्रक (यूपी 78 जेटी 3213) ने टक्कर मार दी। इसमें बस के पिछले हिस्से में ट्रक घुस गयी, जिसके बाद क्रेन बुलाकर ट्रक को निकाला गया। ट्रक चालक शुभम को चोट आयी देखकर उसे पहले सीएचसी भेजा गया और वहां से वह ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बस में करीब चालीस यात्री सवार रहे, जिन्हें सकुशल बस से निकाल लिया गया। किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आयी है। इसके बाद बस की बुधवार की सुबह तक मरम्मत करा के यात्रियों के साथ गुजरात रवाना करा दिया गया है। घटनास्थल पर एडीसीपी दक्षिणी अमित कुमावत भी पहुंचें और उन्होंने मौके का जायजा लिया।

## मिक्की माउस झूले में किशोर का शव मिला

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित मिक्की माउस झूले में एक किशोर का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला संदिग्ध मानकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने बुधवार को बताया कि सोशल मीडिया से पता चला कि हुसैनाबाद फूड कोर्ट के पास प्लॉट में एक अज्ञात किशोर का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि मिक्की माउस झूले के अन्दर एक किशोर मृत अवस्था में पड़ा है। मृतक के पेट में खरोंच के निशान हैं। मृतक की पहचान हरदोई निवासी कलमुद्दीन (12) के रूप में हुई है। वह थाना ठाकुरगंज क्षेत्र में अपनी बहन के यहां रहकर घंटाघर के आस-पास पानी की बोतल की बिक्री करता था। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया देखने में प्रतीत हो रहा है कि मिक्की माउस झूले के अंदर फंसकर किशोर की मृत्यु हुई है। शव को पोस्टमार्टम भेजकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सीवर लाईन कार्य के कारण मोहन मेकिन मार्ग बंद, चार पहिया वाहनों को निकालने में कठनाई

सीवर लाईन कार्य के कारण मोहन मेकिन मार्ग बंद, चार पहिया वाहनों को निकालने में कठनाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। गहरी सीवर लाईन डालने का कार्य प्रगति पर होने के कारण मोहन मोकिन के रहने वाले सैकड़ों परिवारों को कठनाई का सामना करना पड़ रहा है। डालीगंज पुल से मोहन मोकिन मार्ग पर सीवर लाईन के कार्य के कारण मुख्य मार्ग को पूर्णरूप से बंद कर दिया गया है। जिसके कारण दो पहिया वाहन तो गलियों से निकल जा रहे है, लेकिन चार पहिया वाहनों को सीतापुर रोड पर शिया कालेज के समीप सड़क से आना जाना पड़ रहा है। मोहन मेकिन मार्ग निवासी मुख्तार अहमद और एस.के.दीक्षित ने बताया कि डालीगंज पुल से आईटी मार्ग पर गहरी सीवर डालने का कार्य चल रहा था। इस दौरान अधिकारियों ने मोहन मेकिन क्षेत्र में जलभराव की समस्या को देखते हुए यहां भी गहरी सीवर का कार्य शुरू कराया है। इसके लिए मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया है। गहरी सीवर डालने के कार्य में एक माह से ज्यादा का वक्त लग सकता है। तभी तक मोहन मेकिन क्षेत्र के लोगों को कठनाईयों का सामना उठाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मोहन मेकिन क्षेत्र में सीवर डालने के कार्य के कारण सड़क को उखाड़ा जायेगा तो धूल उड़ने की समस्या भी रहेगी। वहीं चार पहिया वाहनों के आवाजाही में कठनाईयां हो रही है। कार को निकालने के लिए उल्टी दिशा में जाना पड़ रहा है और फिर एक किलोमीटर घूमकर उनके कार वाहन डालीगंज या लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग पर आ पाने में सफल हो रहे हैं।

## इनकम टैक्स के ज्वॉइंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्र सस्पेंड

**लखनऊ।** लखनऊ में इनकम टैक्स ऑफिस में आईआरएस अफसर गौरव गर्ग को पीटने वाले जॉइंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्रा को सस्पेंड कर दिया गया है। उन्हें बंगाल और सिक्किम रीजन से अटैच किया गया है। योगेंद्र पर आरोप है कि उन्होंने ऑफिस में घुसकर गौरव गर्ग से मारपीट की थी। उनका गला दबाने का प्रयास किया। उन्होंने कांच का गिलास फेंककर मारा और चेहरे पर मुक्के भी मारे। इतना ही नहीं, जूतों से उनके प्राइवेट पार्ट पर हमला किया था। हमले के बाद डिप्टी कमिश्नर गौरव गर्ग को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, योगेंद्र मिश्रा ने खुद को बेगुनाह बताया था। कहा था। एफआईआर सिर्फ राजनीतिक दबाव और मीडिया नरेटिव के आधार पर दर्ज की गई है। इनकम टैक्स विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्रा काशीपुर में तैनात थे। 29 मई को लखनऊ में हुए विवाद के बाद सीबीआईटी की तरफ से मामले का संज्ञान लेते हुए उन्हें सस्पेंड किया गया है। वहीं, सूत्रों की मानें, तो इस दौरान इन्हें बंगाल सिक्किम ऑफिस में संबंध किया गया है।

## नवयुग कन्या महाविद्यालय में योगाभ्यास का आयोजन

**लखनऊ।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग तथा दर्शन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज महाविद्यालय प्रांगण में 2025 की थीम एक पृथ्वी , एक स्वास्थ्य के लिए योग के अनुसार योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसका संयोजन व संचालन एन.सी.सी. अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढी ने किया। उन्होंने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी योग क्रम के अनुसार ही ग्रीवा, स्कन्ध चालन क्रियाओं से लेकर बैठ कर, खड़े होकर, पेट के बल लेटकर, पीठ के बल लेटकर करने वाले भुजंगासन, मकरासन, भद्रासन, वक्रासन, त्रिकोण आसन, ताड़ासन, वृक्षासन, पवनमुक्तासन, भ्रामरी, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, ध्यान आदि का अभ्यास करवाया। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि योग केवल आसन और प्राणायाम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह अष्टांग मार्ग की साधना है। यौगिक क्रियाएं हमें विभिन्न प्रकार के संक्रमण से बचाती हैं तथा सहज, सरल और तनाव मुक्त जीवन की राह दिखाती हैं। योगाभ्यास का आयोजन 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। योगाभ्यास में कैडेट अंडर ऑफिसर सोनल सिंह, अंजलि वाजपेई,शिवानी पल, शिप्रा गौतम, सिद्धी यादव, दीप्ति, बुशरा हमीद, आस्था, प्रीति कुमारी, तेजस्विनी, प्रज्ञा शुक्ला, गरिमा, खुशी सिंह, वर्तिका सक्सेना समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स एवं दर्शनशास्त्र विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।

# अपोलोमेडिक्स में 16 वर्षीय किशोर की हुई सफल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मरीज को 9 वर्ष की उम्र में कूल्हे की हड्डी में हुआ था फ्रैक्चर

लखनऊ। अपोलो हॉस्पिटल्स, लखनऊ ने चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 16 वर्षीय किशोर की टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी में सफलता प्राप्त की। यह किशोर क्षेत्र में सबसे कम उम्र का मरीज है, जिसका इस तरह का जटिल ऑपरेशन किया गया। मरीज को 9 वर्ष की उम्र में कूल्हे की हड्डी (फीमर) में फ्रैक्चर हुआ था। आर्थिक कारणों के चलते समय पर उपचार नहीं हो सका, जिससे हड्डी धीरे-धीरे गल गई और कूल्हे के जोड़ की हड्डी (फीमर हेड) पूरी तरह खत्म हो गई। इसके कारण मरीज को लगातार दर्द, प्रभावित पैर की लंबाई में कमी, कूल्हे के आसपास मांसपेशियों की सिकुड़न के कारण चलने में हुई गंभीर परेशानी से जूझना पड़ता था। डायरेक्टर, ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट, अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ, कर्नल (डॉ.) नरेंद्र कुमार ने बताया कि जब यह बच्चा हमारे पास आया तब वह काफी दर्द में था और लंगड़ाकर चल रहा था। उसकी चाल और सिकुड़कर छोटे हुए पैर से दूसरा कूल्हा और पीठ की अवस्था भी प्रभावित हुई थी। सामान्यतः हिप रिप्लेसमेंट अधिक उम्र में किया जाता है, जब हड्डियां पूरी तरह विकसित हो चुकी होती हैं। लेकिन मरीज की गंभीर स्थिति और लगातार हो रहे असहनीय दर्द के कारण तुरंत हस्तक्षेप जरूरी हो गया। सर्जरी को लेकर हमने परिवार को इसके लाभ और संभावित जोखिमों की पूरी जानकारी दी। एमडी और सीईओ, अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ, डॉ. मयंक सोमानी ने अस्पताल की उन्नत क्षमताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ में हमारे पास अत्याधुनिक तकनीक, स्टेट-ऑफ-द-आर्ट इंस्ट्रूमेंट्स और अनुभवी सर्जनों की टीम है, जो पूरे क्षेत्र से रेफर होकर आने वाले जटिल मामलों का इलाज करती है। इस केस में हमने टाइटेनियम सॉकेट और स्टेम के साथ लेटेस्ट डेल्टा सिरैमिक बॉल वाला बेहतरीन इम्प्लांट इस्तेमाल किया, जिससे काम की बेहतर क्षमता और लंबे समय तक इसका टिके रहना सुनिश्चित है। यह तकनीक विशेष रूप से जटिल सर्जरी में असरदार होती है। सर्जरी लगभग डेढ़ घंटे चली। इसके बाद मरीज को पांच दिनों के भीतर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सर्जरी के कुछ ही हफ्तों में वह बिना सहारे के चल पा रहा है। डॉ. कुमार ने बताया कि मरीज की स्थिति को चिकित्सकीय भाषा में, ऋफीमर की नेक में हुए फ्रैक्चर की उपेक्षा की हालत में फीमर के हेड का एब्सॉर्प्शनङ्क कहा जाता है, जो बहुत असामान्य है। उन्होंने बताया कि इतनी कम उम्र में हिप रिप्लेसमेंट करना सामान्य नहीं है क्योंकि इस समय हड्डियों का विकास अधूरा होता है। यह प्रक्रिया अत्यधिक चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि हड्डी पहले से ही कमजोर और डिफॉर्म्ड होती है तथा जोड़ के चारों ओर की मांसपेशियां और लिगामेंट सिकुड़ चुके होते हैं, जिससे जोड़ की स्थिरता बनाए रखना कठिन हो जाता है। फिर भी, ऐसे मामलों में अब हिप रिप्लेसमेंट किया जा रहा है क्योंकि यह मरीज को अपने पैरों पर संतुलित वजन डालने की क्षमता देता है।

## केंद्र के साथ कर राजस्व में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी चाहते हैं ज्यादातर राज्य : पनगढ़िया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। सोलहवें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने बुधवार को कहा कि देश के 28 में से 20 से अधिक राज्यों ने आयोग से केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व वितरण को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का आग्रह किया है। देश के विभिन्न राज्यों में परामर्श यात्रा के तहत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन पनगढ़िया ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्तमान में राज्यों को कर राजस्व का 41 प्रतिशत मिलता है जबकि बाकी हिस्सा केंद्र के पास जाता है। पनगढ़िया ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले वित्त आयोग ने राज्यों के लिए कर राजस्व में 41 प्रतिशत हिस्सा और केंद्र के लिए 59 प्रतिशत भाग निर्धारित किया था। उन्होंने कहा, अन्य राज्य सरकारों की तरह उत्तर प्रदेश सरकार ने भी राजस्व में हिस्सेदारी को मौजूदा 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। देश के 28 में से 22 से अधिक राज्यों ने यही मांग की है। हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रपति को भेजी जाने वाली वित्त आयोग की सिफारिशों में इसे शामिल किया जाएगा या नहीं। इससे पहले, अपने संबोधन में पनगढ़िया ने कहा कि अभी तक यह परंपरा रही है कि वित्त आयोग की सिफारिशों को यथावत स्वीकार किया जाता था। 16वें वित्त आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था। इसका प्राथमिक कार्य एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के साथ-साथ राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण की सिफारिश करना है।

# एलडीए वीसी ने पोर्टल के शिकायतकर्ताओं के नाम किये सार्वजनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● तथ्य विहीन समाचार व पहचान सार्वजनिक करने वालो पर होगी बिधिक कार्यवाही

लखनऊ। भारतीय संविधान अनुच्छेद 51 में विभिन्न उपखण्डो के तहत नियम विरुद्ध कार्यप्रणाली की शिकायत करने अधिकार प्रदान किये गये है,वही उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन व आईजीआरएस पोर्टल के शिकायतकर्ताओं की पहचान सार्वजनिक न करके प्राप्त शिकायतों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देशो के बाद भी लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियो द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर अवैध निर्माणो व अन्य शिकायतों का बड़े पैमाने पर फर्जी निस्तारण होने के साथ ही प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश के द्वारा आईजीआरएस सेल समीक्षा बैठक जारी पत्र संख्या 145ध्मेमोध्पीए। ध्25-26 दिनाँक 31 मई 2025 में हिन्दुस्तान समाचार पत्र में शिकायती गिरोह बाधा बनने का समचार का उल्लेख किया गया, आखिर सीएम के कड़े निर्देशो के बाद 28 शिकायतकर्ताओ की जानकारी एलडीए के किस अधिकारी द्वारा हिन्दुस्तान समातार पत्र को देकर शिकायत कर्ताओ की पहचान सार्वजनिक कराई गयी, का कही एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश अवैध निर्माणों के कालेकारबार का खुलाशा करने वाले 28 शिकायतकर्ताओं की सूची सार्वजनिक कर हत्या करवाने की साजिश तो नही -? या बिल्डर माफिया को खुली छूट देने का घिनौना खेल तो नही-? एलडीए द्वारा 28 शिकायतकर्ताओं की सार्वजनिक की गयी सूची में सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता, आरटीआइ कार्यकर्ता और पत्रकार आदि लोग सम्मलित है। जिन्होंने प्राधिकरण कर्मियो व अवैध निर्माण कर्ताओ की दुरभि सन्धि के काले कारोबार का खुलाशा किया गया। हाँलाकि अवैध निर्माणो की आईजीआरएस पोर्टल पर होने वाली अधिकाँश शिकायतो का एलडीए के प्रवर्तन अधिकारियो द्वारा फर्जी निस्तारण कर अवैध निर्माण पूर्ण करवाकर अध्याशित करवा दिये जाते है। एलडीए के मीडिया प्रभारी के अनुसार सूची आधिकारिक तौर पर जारी न होने के मामले की जांच होने की बात कही गयी-? यदि सूची जारी नही हुई तो शिकायत कर्ताओ के नाम मोबाइल नम्बर कैसे सार्वजनिक हुए-? कही भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों की हत्या कराने सुनियोजित साजिश तो नही-? शिकायतकर्ताओ के विवरण सार्वजनिक सूची करवाने के पीछे एलडीए के भ्रष्ट अधिकारियों और बिल्डर माफिया की मिलीभगत तो नही-? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का आईजीआरएस पोर्टल जन शिकायत निवारण और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने वाले पोर्टल है। एलडीए अधिकारियो की घृणित नीति शिकायतकर्ताओं की जान लेवा साबित हो रही है, वही सीएम योगी के आईजीआरएस पर शिकायत कर्ताओ की पहचान सार्वदनिक किया जाना संज्ञेय अपराध है।

# व्यावसायिक सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) नीति से प्रदेश में स्थापित हो रहे है उद्योग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। व्यायसायिक सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) एवं रोजगार सृजन प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी देश के विकास के लिए यह जरूरी है कि वहाँ विदेशी निवेश की मात्रा अधिक हो। विदेशी निवेश तभी हासिल हो पाता है जब कोई भी देश अपने विभिन्न उत्पादों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों, गुणवत्ता में अच्छा परफार्म करते हुए खरा उतरे। इस क्षेत्र में सबसे बड़ा मानक ईज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी कारोबार में आसानी हो। इसका सीधा सा अर्थ होता है कि देश में कारोबार नियमों और अन्य प्रशासनिक कार्यों में सरलता लाना है। देश के मा0 प्रधानमंत्री जी की नीति है कि देश के उद्यमियों को विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग स्थापित हो और उनके मानक एवं गुणवत्ता युक्त उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बने। देश की उत्पादित वस्तुओं का निर्यात किया जाय। जिससे देश समृद्धशाली बने।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने ''ईज ऑफ डूइंग बिजनेस'' में सरलता लाते हुए अनेक क्षेत्रों में रिकार्ड 43 विभागों की 487 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं प्रदान की है। राज्य सरकार ने श्रम विनियमन में सुधार लाते हुए उद्यमियों, व्यापारियों एवं श्रमिकों को सहूलियत दी है। उसी तरह उद्योगों, व्यापार की निरीक्षण के नियम बनाये गये हैं। उद्योग लगाने के लिए भूमि आवंटन में वरीयता दी गई है। उद्योगों के स्थल व अन्य संपत्तियों के पंजीकरण मैकेनिज्म में सरलता लाई गई है। व्यापारियों उद्यमों को पर्यावरण की स्वीकृति देने तथा कर भुगतान में सुगमता लाते हुए आसान बनाया गया है।

प्रदेश सरकार ने विभिन्न उद्यमों व्यापार में जारी होने वाले लाइसेंस से सम्बन्धित गतिविधियों, नियमों, आवेदन पत्रों एवं उनकी प्रक्रियाओं की नियमित समीक्षा करने संबंधी कार्यों में सुगमता लाया है। किसी भी कार्य के लिए जारी होने वाली स्वीकृतियों को ऑनलाइन करते हुए समयबद्ध कर दिया गया है। जिससे संबंधित कार्य के लिए अनावश्यक देरी न हो। प्रदेश सरकार ने प्रदेश के विकास एवं समृद्धि के लिए उद्योगों की स्थापना हेतु अनेक सुविधाएं देने का कार्य किया है। उद्योगों एवं व्यापार के लिए सभी आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं दी जा रही है। प्रदेश सरकार सभी औद्योगिक सेवाओं/ स्वीकृतियों/ अनुमोदनों/ अनुमतियों/ लाइसेंस को ऑनलाइन तथा एक छत के नीचे प्रदान करने की व्यवस्था की है। इसके लिए ''सिंगल विन्डों सिस्टम निवेशी सारथी पोर्टल'' बनाया गया है। इस नीति के अंतर्गत अन्तर्राष्ट्रीय मानकों का एक सिंगल विन्डों टेक्नोलॉजी पोर्टल विकसित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किये गये प्रमुख सुधारों से भारत के सबसे बड़े उद्योग तथा विदेशों के सैमसंग जैसी बड़ी कम्पनियों सहित बड़े के उद्योग प्रदेश में स्थापित हो रहे हैं। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना से व्यापार कुशल व अकुशल श्रमिकों, शिक्षित व कौशल प्रशिक्षित युवकों को रोजगार भी मिल रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एक तरह का इंडेक्स है। इसमें कारोबार सुगमता के लिए कई तरह के पैमाने रखे गये है। लेबर रेगुलेशन, सूचनाओं की विभिन्न जानकारियों तक पहुँच, कार्यों में पारदर्शिता, ऑनलाइन सिंगल विंडो, निर्माण परमिट, भूमि प्रशासन वाणिज्यिक विवाद इत्यादि प्रक्रियाओं इसमें शामिल है।

देश में इसे उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डी0पी0आई0टी0) द्वारा तैयार किया जाता है। विश्व बैंक के सहयोग से सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के लिए बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान के तहत सुधार संबंधित प्रक्रियाओं का सुझाव दिया जाता है। प्रदेश सरकार ने ''निवेश मित्र पोर्टल'' पर प्राप्त आवेदन पत्रों का 98 प्रतिशत से अधिक निस्तारण कर संबंधित उद्योग व्यापार के कार्य में तेजी लाई जिससे समय से 12.5 लाख से अधिक विभिन्न कार्यों के आवेदन पत्रों का निपटारा होकर संबंधित उद्यम आरम्भ हुआ है। राज्य में निवेशकों के विनियामक भार को कम करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा नवीनीकरण, निरीक्षण, रजिस्टर व रिकार्ड तथा रिटर्न फाइल करने के संदर्भ में लाइसेंस एवं अनापत्ति प्रमाण पत्रों को चिन्हित करने की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए 43 से अधिक विभागों में सुधारों को लागू किया जा चुका है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में घोषित बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान रैंकिंग में राज्यों की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उद्योगो की सुगमता के लिए 4674 रेगुलेटरी कंप्लायंस बर्डन को कम किया गया है। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना से प्रदेश की चतुर्दिक प्रगति हो रही है।

# मौके पर ही बनी पेंशन व आयुष्मान कार्ड

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने वृद्धावस्थाए विधवा व दिव्यांग पेंशन से वंचित पात्र लोगों की पेंशन बनवाने की तत्काल कार्रवाई प्रारम्भ की। मौके पर ही 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनवाया। आज भी 9 बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। जिलाधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के बाद अब तक जन सुनवाई में कुल 40 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। भूमि पर अवैध कब्जो के मामले में उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर त्वरित कार्रवाई की जाये। पैमाइश के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। अंश निर्धारण व नामांतरण के प्रकरणों को लंबित न रखा जाये। एक दिव्यांग अखिलेश ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष से उसको दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है उसकी पत्नी भी दिव्यांग है तथा दो बच्चे हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल पेंशन शुरू करवाने के सम्बन्ध में दिव्यांगजन कल्याण विभाग को पेंशन शुरू करवाने के निर्देश दिए। आय प्रमाणपत्र न होने पर तुरंत आय प्रमाणपत्र हेतु आवेदन कराया। प्रोबेशन विभाग से उन्होंने दोनों बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित करने को कहा। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## यूपीएसआईडीसी संपत्ति की दरों की जाँच के सम्बन्ध में हुई बैठक



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में यूपीएसआईडीसी की औद्योगिक संपत्ति की दर की जाँच के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि भूखण्ड की दर को न्यायसंगत रखा जाये। निकटवर्ती क्षेत्रों की बाजार दरों का भी तुलनात्मक अध्ययन किया जाये। शासनादेश का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंहए एआईजी स्टाम्प प्रवीण यादव व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में विक्टोरिया हॉल ट्रस्ट की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विक्टोरिया हॉल ट्रस्ट के नये नामकरण पर विचार किया जाये। विक्टोरिया हॉल परिसर में एक अच्छे पुस्तकालय की व्यवस्था की जाये। विक्टोरिया हॉल का वंदन योजना के अंतर्गत विकास किया जाये। परिसर में एक कैंटीन की स्थापना की जाये। दो नये कक्षों का निर्माण कराया जाये। परिसर में किसी बड़े इवेंट का आयोजन कराया जाये। साफ सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाये। ट्रस्ट की आय बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। गाँधी भवन में वंदन योजना के अंतर्गत सुविधाओं का विस्तार किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंहए नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## गोकुलपुरवा के शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, शिव परिवार की मूर्तियां आज होगी स्थापित



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरियावाँ ( हरदोई )।** क्षेत्र के गांव भीठी नेवादा के गोकुल पुरवा गाँव में कल नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा शिव बारात सम्पन्न होगी। कल वृहस्पतिवार को शिव बारात निकाली जाएगी। इस दौरान आचार्य सुमित कुमार मिश्रा द्वारा सैकड़ों वेदों मंत्रों द्वारा वेदी पूजन कराया जाएगा। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान रामू सपत्नी चन्द्रावती देवी के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शिव बारात का शुभारंभ किया जाएगा। शिव बारात में शिव पार्वती की झांकी में अमन कुशवाहा व उनके सहयोगी साक्षी गुप्ता मौजूद रहेंगे। वही शोभा यात्रा में दर्जनों की संख्या में टैक्टर ट्राली, पिकप, मोटर साइकिल, कार से शिव बारात गोकुल पुरवा गाँव से सकाहा को जाएगी और वापस कस्बे के विभिन्न मंदिरों से होकर पुन: मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। रास्ते में जगह.जगह मूर्ति पूजन किया जाएगा। भक्तगण डीजे पर जयकारे लगाते नाचते गाते रहेगे। कार्यक्रम के आयोजक रामू ने बताया कि कल वृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। उसके बाद शिव बारात निकलेगी जिसमे सभी ग्रामवासी सादर आमंत्रित है और इस पुनीत कार्य में जरूर आवे। इस मौके पर सर्वेश कुमार, रामकुमार, मनोज कुमार, राकेश, नीरज, डीके, आकाश, अतुल, आशीष, दयाराम, आदि सहित भक्तगण मौजूद रहे।

## वित्तीय सहायता हेतु करे आवेदन:.संजय कुमार निगम

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी संजय कुमार निगम ने बताया है कि शासन द्वारा दिव्यांगजन के लिए राज्य निधि से धनराशि व्यय किये जाने हेतु दिव्यांगजन के हितार्थ 04 प्रकार के वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान है। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रोंए हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना। उ0प्र0 के दिव्यांगजन जिनका खेल/ललित कला/संगीत नृत्य/फिल्म/थियेटर/साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन होए उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करानाए दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनानें के लिए बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय हेतु वित्तीय सहायता तथा गम्भीर बीमारियों यथा.कैंसर, थैलीसिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न होए को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता । उपरोक्त श्रेणियों में आर्हता रखने वाले इच्छुक दिव्यांगजन सम्बन्धित श्रेणी के आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, हरदोई से प्राप्त कर सम्बन्धित अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ 02 प्रतियो में अपना आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे उनको राज्य निधि से वित्तीय सहायता प्रदान कराये जाने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही की जा सकें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-साहुलपुर, विकास खण्ड-अहिरोरी, हरदोई

पत्रांक- मेमो/मनरेगा/राज्यवित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 दिनाँक- 04.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत-साहुलपुर, विकास खण्ड-अहिरोरी, जनपद-हरदोई द्वारा मनरेगा /राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यो की सामग्री (सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, पत्थर गिट्टी, ईट प्रथम, इण्टरलॉकिंग ईट आदि) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनाँक- 05.06.2025 से 12.06.2025 को 03:00 बजे तक पंचायत भवन से प्राप्त कर जमा कर सकते है । प्राप्त निविदाएं दिनाँक-12.06.2025 को समिति द्वारा सायं 04:00 बजे पंचायत भवन में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | श्रमांश | सामग्री अंश | कुल | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुखपाल के मकान से प्राइमरी पाठशाला अंटवा तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 62376 | 324235 | 387621 | 80X3 मी0 |
| 2 | दरबारी के मकान से गोलू के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 73832 | 385570 | 459404 | 95X2.60 मी0 |
| 3 | पंचायत भवन मरम्मत कार्य । | 95000 | 145700 | 240700 | 01 |
| 4 | सुरेश के मकान से माइनर तक नाली निर्माण कार्य। | 75900 | 185500 | 261400 | 200 मी0 |

नोट-

1- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुयी किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
3- बिना बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें।
5- धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जायेगा।
6- कार्यो की कटौती प्रावधान/ लागू दरों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7- प्राविधारित कार्यो की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

(श्रीमती राजिन्दरी देवी)
प्रधान
ग्राम पंचायत- नीर,
विकास खण्ड-अहिरोरी, हरदोई

(श्री लाल बिहारी)
सचिव
ग्राम पंचायत- नीर,
विकास खण्ड-अहिरोरी, हरदोई


## पतंजलि का अष्टांग-योग अध्यात्म का नितान्त विज्ञान-सम्मत सिद्धान्त

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** वेद, उपनिषद् आदि अपने पूर्वकालीन ग्रन्थों में यत्र.तत्र बिखरे पड़े योग.विषयक विचारों का समग्र अनुशीलन कर महर्षि पतञ्जलि ने योग को एक व्यवस्थित, क्रमबद्ध, वैज्ञानिक, सुग्राह्य एवं उपयोगी स्वरूप प्रदान किया और अष्टांग-योग का एक ऐसा सिद्धान्त दिया, जिसकी सहज-यात्रा नैतिक अनुशासन से प्रारम्भ होकर साधक को विभिन्न सोपानों में आगे बढ़ाते हुए अन्ततोगत्वा उसको आध्यात्मिक उत्कर्ष तक ले जाती है। सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अष्टांग-योग का हर अंग अपने में परम उपयोगी एवं अपने से आगे के अंग के लिए एक आधारशिला के रूप में कार्य करता है। साधक अष्टांग-योग के क्रमश: जिन-जिन अंगों को आत्मसात् करने लगता है, उनका लाभ उसे मिलना शुरू हो जाता है। यह लाभ अपने में पूर्ण एवं इतना सामर्थ्यवान् होता है कि वह साधक को योग के अगले अंग की ओर जाने हेतु प्रेरित करता है। योग के ये आठ अंग हैं-यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि। वस्तुत: योग न केवल शारीरिक व्यायाम ही है और न मात्र अप्रत्यक्ष चिकित्सा-पद्धति ही, अपितु योग तो एक सम्पूर्ण दर्शन है जो शारीरिक, मानसिक, एवं आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता हुआ मानव-जीवन के परम लक्ष्य कैवल्य की प्राप्ति कराता है। वास्तव में शारीरिक व्यायाम और योगासन योग-मार्ग पर चलने की पूर्व तैयारी मात्र हैं। यम (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य तथा अपरिग्रह) और नियम (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर-प्रणिधान) के सम्यक् अनुशीलन के बिना योग-मार्ग पर आगे नहीं बढ़ा जा सकता। योगासनों एवं शारीरिक व्यायामों से अर्जित आरोग्य एवं उत्तम स्वास्थ्य, उत्कृष्ट आचरण एवं नैतिक अनुशासन की गारन्टी नहीं हो सकते। अत: यम और नियम को पतञ्जलि ने योग-मार्ग के प्रारम्भिक चरण माना है।

## ट्रक और सीएनजी लोडर की टक्कर में चालक की मौत, लोडर चालक गंभीर रूप से घायल

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बिलग्राम मार्ग पर शारदा नहर के मझिला पुल पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सामने से आ रहे ट्रक ने सीएनजी लोडर में टक्कर मार दी। हादसे में लोडर चालक को गंभीर चोटें आईं। घायल चालक की पहचान कोतवाली शहर के फर्दापुर निवासी अवध किशोर (34) के रूप में हुई। वह व्यवसायी पवन अग्रवाल का सीएनजी लोडर चलाता था। सोमवार शाम को वह माल लेकर बिलग्राम जा रहा था। टक्कर के बाद अवध किशोर को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था। उनके परिवार में पत्नी शांति देवीए दो बेटे आकाश और अंश तथा एक बेटी स्नेहा हैं। कोतवाली शहर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।



## शिव सत्संग मण्डल का बीड़नपुर ग्रंट शिवोत्सव 05 जून को

**सीतापुर ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** शिव सत्संग मण्डल का विश्व पर्यावरण दिवस पर शिवोत्सव 05 जून, गुरुवार की सायं 08:30 बजे से महोली ब्लॉक के बीड़नपुर ग्रंट गांव में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए मण्डल के जिलाध्यक्ष जमुना प्रसाद ने बताया कि संतों भक्तों के सानिध्य में होने वाला यह शिवोत्सव कई मायनों में खास होगा जिसमें भारतीय आध्यात्मिक मूल्यों की समाज में पुनर्स्थापना एवं शिव आराधना विषय पर संवाद व प्रवचन कार्यक्रम होगा। शिव सत्संग मण्डल अपने स्थापना के समय से वेदान्त दर्शन को आत्मसात कर समाज, राष्ट्र एवं मानवता के कल्याण हेतु अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा है। शिव सत्संग मण्डल ने अब तक समाज के तमाम प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास कर उन्हें स्वावलंबी बनाकर राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा है। मण्डल के संचालक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि शिव सत्संग मण्डल के तत्वावधान में वर्ष में एक बार आयोजित होने वाला यह शिवोत्सव श्रद्धालुओं की आस्था, श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। मण्डल के राष्ट्रीय महामंत्री त्रिपुरेश पांडेय ने बताया कि 05 जून की सायं 8:30 बजे से आयोजित होने वाले इस धर्म-अध्यात्म उत्सव में सभी वर्गों संप्रदायों के सात्विक प्रवृत्ति के सभ्रांतजनों को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भक्तिपूर्वक आमंत्रित किए गए हैं।



# गुरु यश श्री सम्मान से सम्मानित हुए संत और शिक्षक

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** ग्रामोदय पीजी कॉलेज डिघिया खेरिया के सभागार में सवर्ण चेतना सभा के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के पूर्व संध्या पर गुरु परम्परा सम्मान समारोह कार्यक्रम के तहत पूज्य सन्तों एवं शिक्षकों को गुरु यश श्री सम्मान से भाजपा नेता, सवर्ण चेतना सभा के प्रदेश अध्यक्ष डा0 आदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट के द्वारा सम्मानित किया गया एवं महाविद्यालय में 51 छात्रों ने अपने माता पिता के नाम से पौधे लगाकर मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद समाजसेवी सुशील कुमार मिश्र ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे लखनऊ विश्व विद्यालय के प्रो० डॉक्टर एन०बी०सी शुक्ला ने सम्बोधित करते हुए कहा योगी जी की सादगी पसंद जीवन शैली को अपनाता हूं मैं महाराज जी के उत्तम स्वास्थ्य के साथ.साथ राजनीति के सर्वोच शिखर पर देखने की कामना करता हूं। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा में क्षेत्र लगातार उन्नति कर रहा है मुख्यमंत्री जी की शिक्षा के प्रति बनाई गई कार्य योजना से प्रदेश के विश्वविद्यालयो में विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ रही है व युवा उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश में ही पढ़ रहे हैं विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयो में रोजगार मेला लगाने से युवा शिक्षा के साथ-साथ रोजगार भी प्राप्त कर रहे हैं प्रदेश खुशहाल है। भाजपा नेता, सवर्ण चेतना सभा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर आदर्श दीपक मिश्र ने कहा पूज्य महाराज योगी आदित्यनाथ संत व राजनीति के एक अनोखी पहल हैं प्रदेश को अपराध मुक्त कर पुष्पक विमान पर तीव्र गति से आगे बढा रहे हैं। कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के के क्षेत्र में प्रदेश नंबर एक की तरफ आकर्षित हो रहा है हम महाराज जी के दीर्घकालिक यशस्वी और राजनीति के उच्चतम शिखर पर पहुंचने के लिए ईश्वर से कामना करते हैं। सम्मानित होने वाले प्रमुख रूप से परम पूज्य संत लाल बाबा संतोष आश्रम, म्हाड़ी आश्रम बर्फानी बाबा दिवाकर आनंद महाराज, वरिष्ठ शिक्षक बलराम वर्मा, राजीव मिश्रा, संजीव मिश्र, संजीव श्रीवास्तव कौशल त्रिपाठी, अभय श्रीवास्तव, उमेश मिश्र, सोनी पांडे, अनुराग मिश्र, मुलायम सिंह यादव, डॉक्टर अभय शंकर मिश्र, सुयस प्रकाश प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर अद्वैत प्रकाश मिश्र ने किया।

## सपाईयों ने किया युवा सम्मेलन का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** बुधवार को सांडी तिराहे पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पम्मू यादव द्वारा एक युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमे सपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सवायजपुर विधानसभा के प्रभारी विकास यादव ने कहा कि मौजूदा बीजेपी सरकार युवाओं को बेरोजगारी की भट्टी में झोंक रही है, इस सरकार में पहली बात तो भर्ती निकलती नही और निकलती है तो पर्चा लीक कराकर रद्द कर देती है तथा जब रोजगार मांगों तो लाठी देती है। उन्होंने कहा कि आप लोग वोट की चोट देकर 2027 में इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम कीजिए तथा अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम कीजिए जिससे आप लोगों को रोजगार देकर आपका भविष्य तय हो।

पम्मू यादव ने कहा कि सभी युवा घर-घर जाकर वोट बनवाने का काम करेंगे तथा अखिलेश यादव की नीतियों को घर घर बताने का काम करके समाजवादी सरकार बनाने का काम करेंगे। पूर्व सांसद उषा वर्मा ने कहा कि मैं आज तक सांसद, विधायक व मंत्री जो भी बनी वो युवा शक्ति के सहयोग से ही बनी हूँ और आगे भी आप लोगों के सहयोग से ही समाजवादी पार्टी मजबूत होगी।

युवा सम्मेलन में मुख्य रूप से रामज्ञान गुप्ता प्रदेश सचिव, सतेंद्र कुमार पानू महासचिव बाबा वाहिनी, अरुण मौर्य प्रदेश सचिव, रहमत अली मोनू जिला उपाध्यक्ष, जगमोहन राजपूत पूर्व प्रमुख, विक्रम कुशवाहा जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, परिवेश श्रीवास्तव कुक्कू जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, रत्नेश यादव जिलाध्यक्ष युवजन सभा, सईद अहमद जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, राजेंद्र यादव जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, विजय बाजपेयी विधानसभा अध्यक्ष, विहारी यादव पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, मुकेश यादव पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, हरिनाम यादव पूर्व जिलाध्यक्ष, अभिषेक मिश्रा इकब, इरशाद मुन्ना, राजीव यादव, विपिन राजपूत, आदि तमाम युवा मौजूद रहे।

## पूरे देश में संगठन को मजबूत किया जाएगा: अलका लांबा



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा द्वारा संगठन की कार्यशाला दिल्ली मुख्यालय नव कोटला मार्ग पर आहूत की गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए अलका लांबा ने कहा कि पूरे देश में संगठन को मजबूत किया जाएगा आज भाजपा सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं उनको कांग्रेस की सरकार आते ही सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा जिसके लिए राज्यवार बड़े सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा जी ने कहा आज भाजपा सरकार देश में नफरत पैदा करती है और बीजेपी के नेता कार्यकर्ता गुडा राज कायम किए हुए हैं महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं माफिया खुलेआम मौज मस्ती कर रहे हैं महिलाओं को मजबूत होना अति आवश्यक है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला नेता डूसूजा ने कहा जब कांग्रेस की गवर्नमेंट होती थी तो महिलाएं आजाद थी और देश में डीजल पेट्रोल रसोई गैस खाद्य वस्तुओं की कीमत बहुत ही कम थी आज भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा और युवा बेरोजगार है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सुनीता देवी जिला अध्यक्ष महिला सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गोपामऊ ने कहा की महिलाओं के सम्मान की लड़ाई हमेशा लड़ते रहेंगे और उनके सम्मान को किसी भी तरीके से नीचा नहीं होने देंगे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और न्याय दिलाने का काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी एक देश की पार्टी है जिसे सभी धर्म का सम्मान किया। कार्यशाला में कई प्रदेश की महिला पदाधिकारी ने भाग लिया।

## कम्पनियों के अधिकार पत्रों का अंकन करानें के उपरान्त ही कीटनाशी रसायनों की बिकी करें:.विनीत कुमार

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी विनीत कुमार ने बताया है कि जनपद में कीटनाशी के ब्यापार को नियमबद्ध एवं पारदर्शी बनाये रखनें के उद्देश्य से सभी पंजीकृत कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वह अपनी कीटनाशी लाईसेंस पर प्रतिष्ठान में उपलब्ध सभी कीटनाशी रसायनों के उत्पादक कम्पनियों के अधिकार पत्रों का अंकन करानें के उपरान्त ही कीटनाशी रसायनों की बिकी करेंए कीटनाशी फर्म पर अपनी फर्म का डिस्प्ले बोर्ड एवं रेट बोर्ड लगायेंए स्टाक एवं बिकी रजिस्टर भरें, कैशमोमोध्बिल अवश्य काटें एवं प्रतिष्ठान में कालीतीत रसायन को अलग कर दूसरे स्थान पर अलग रखें जिसके ऊपर लिखा होना चाहिये कि यह दवायें बिकी हेतु नहीं हैं तथा किसान भाईयों को उचित सलाह दें। साथ ही अपने कीटनाशी प्रतिष्ठान पर आई0पी0एम0किट के उपकरण जैसे ट्रैपए ल्योर यथा.फेरोमोन ट्रैपए लाईट ट्रैपए नीलाध्पीला स्टिकी ट्रैप आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करें एवं किसान भाईयों को जागरूक करें कि वे अपनी फसलों में इनका उपयोग कर कीट एवं रोग से बचाव करें। किसान भाईयों से भी अपील की जाती है कि वे जनपद के पंजीकृत कीटनाशी विक्रेताओं से ही कीटनाशी रसायन क्रय करें तथा रसायन क्रय करनें के उपरान्त विक्रेता से कैशमेमोंध्बिल अवश्य प्राप्त करें। जनपद के सभी कीटनाशी विक्रेताओं से अपेक्षा की जाती है कि उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। कृषकों की शिकायत या निरीक्षण के समय अनियमिततायें मिलने पर कीटनाशी अधिनियम 1968 के अन्तर्गत आपका कीटनाशी लाईसेंस निलम्बित करते हुये आपके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगें।

## एक और युद्ध

हाल ही में भारतीय चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान का एक चौंकाने वाला बयान सामने आया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की पंद्रह फीसदी ऊर्जा भ्रामक सूचनाओं व फर्जी खबरों से जूझने में लगी। यह बयान न केवल चिंताजनक है बल्कि परेशान करने वाला भी है। यूं तो विश्व युद्धों के दौरान भी घातक व भ्रामक सूचनाओं के युद्ध परंपरागत युद्ध के साथ लड़े गए, लेकिन हाल के वर्षों में सूचना क्रांति व डिजिटल युग में यह चुनौती बेहद जटिल हो गई है। हिटलर के प्रचारतंत्र के मुखिया का वह बयान अकसर दोहराया जाता है कि सौ बार एक झूठी खबर को दोहराने से वह सच बन जाती है।

**जनरल अनिल चौहान का एक चौंकाने वाला बयान सामने आया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की पंद्रह फीसदी ऊर्ज़ा भ्रामक सूचनाओं व फर्जी खबरों से जूझने में लगी। यह बयान न केवल चिंताजनक है बल्कि परेशान करने वाला भी है। यूं तो विश्व युद्धों के दौरान भी घातक व भ्रामक सूचनाओं के युद्ध परंपरागत युद्ध के साथ लड़े गए, लेकिन हाल के वर्षों में सूचना क्रांति व डिजिटल युग में यह चुनौती बेहद जटिल हो गई है। हिटलर के प्रचारतंत्र के मुखिया का वह बयान अकसर दोहराया जाता है कि सौ बार एक झूठी खबर को दोहराने से वह सच बन जाती है।**

इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भी कुछ ऐसा ही देखने में आया। यह हकीकत है कि भारत ने त्वरित व सटीक कार्रवाई से न केवल पाकिस्तान में बड़े आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए बल्कि पाक वायु सेना को भी भारी क्षति पहुंचायी। वहीं हमने हवाई हमलों की रूसी प्रतिरोधक प्रणाली व स्वदेशी रक्षा कवच से पाक के मिसाइल व ड्रोन हमले विफल कर दिये। इसके बावजूद फर्जी व भ्रामक सूचनाओं के जरिये पाकिस्तानी जनमानस को बताया गया कि जीत पाकिस्तान की हुई है। बाकायदा विजय जुलूस निकाले गए, मिठाइयां बांटी गई। इतना ही नहीं करारी शिकस्त के बावजूद सेना प्रमुख को फील्ड मार्शल बना दिया गया। भ्रामक-फर्जी सूचनाओं का यह सैलाब बाहर व भीतर दोनों तरफ से था। देश की जनता ऊहापोह में रही कि वास्तविकता क्या है। खबरों की तार्किकता के लिये सेना को भी जद्दोजहद करनी पड़ी। बाकायदा विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के साथ सेना के अधिकारियों ने तथ्यों की तार्किकता के साथ अपनी बात रखी। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान ने अपने मित्रों व दुनिया के अन्य देशों को गलत सूचनाएं देकर बरगलाने का प्रयास किया। इस दिशा में तमाम राजनीतिक दलों के भारतीय सासंदों ने विभिन्न देशों में पहुंचकर भारत के पक्ष को मजबूती से रखा। इसके बाद ही कोलंबिया को पाक के पक्ष में दिए बयान को वापस लेने को बाध्य किया। बहरहाल, अब वह वक्त आ गया है कि परंपरागत युद्ध के साथ-साथ नैरेटिव व सूचना युद्ध की भी तैयारी की जाए। तेज सूचना तंत्र और सोशल मीडिया के दौर में कैसी-कैसी खबरें निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा गढ़ी जाती हैं, ये हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा। एआई की मदद से काल्पनिक कथानक तैयार करके झूठ को सच बनाने की कवायद की गई। दरअसल, आईटी क्रांति ने सूचनाओं के प्रसार को अभूतपूर्व गति दी है। ये काम पाकिस्तान इस दौरान करता रहा है। आधा दर्जन भारतीय फाइटर जेट गिराने के दावे पाक करता रहा तो चीन का सरकारी मीडिया पाकिस्तान के मंसूबों को हवा देता रहा। ये घटनाक्रम हमें सचेत करता है कि आने वाले वक्त में भारत को आक्रामक सूचना युद्ध के मुकाबले को फुलप्रुफ तंत्र विकसित करना पड़ेगा। निस्संदेह, ऐसी भ्रामक सूचनाएं सैन्य अभियानों के मार्ग में तो अवरोध खड़े करती ही हैं, साथ ही देश की जनता का मनोबल भी गिराती हैं। ये एक तरह से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये भी चुनौती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद देश में पाकिस्तान के लिये जासूसी के तमाम मामले प्रकाश में आए। यह भी एक तरह का सूचना युद्ध ही था। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसरों के जरिये भारत से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं जुटाई जा रही थी। साथ ही सोशल मीडिया के जरिये भारतीय सेना की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। वहीं दूसरी ओर इस तरह की फर्जी व भ्रामक सूचनाएं अंतर्राष्ट्रीय जनमत को भी प्रभावित करती हैं। यही वजह है कि आसन्न संकट को देखते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने सूचना युद्ध के मुकाबले के लिये सेना की एक नई विंग बनाने की जरूरत पर बल दिया। दरअसल, युद्ध जैसी स्थितियों में भ्रामक सूचनाओं का तुरंत कारगर ढंग से तथ्यों के जरिये मुकाबला करने की सख्त जरूरत होती है। निस्संदेह, नये दौर में परंपरागत युद्ध के साथ आधुनिक तकनीक व सूचना माध्यमों की बड़ी भूमिका होती जा रही है। जितना जल्दी हम इस नये तरह के युद्ध के लिये खुद को तैयार कर लें, उतनी ही बढ़त हम युद्ध के दौरान ले सकते हैं।

# संघर्ष ही जीवन है बिना संघर्ष के सफलता संभव नहीं है



लेखक- राजू बाबू सिंह

सेवानिवृत्त डीआईजी, पुलिस

**जीवन एक संघर्ष का नाम है। यह संघर्ष जितना बाह्य जगत में परिलक्षित होता है उतना ही अंतर जगत में भी है। बाह्य जगत में एक-एक पग में संघर्ष है घर के अंदर संघर्ष है और जब हम एक कदम बाहर घर के निकलते तो प्रत्येक पग पर संघर्ष है । हम संघर्ष करते हुए अपने मार्ग को प्रशस्त करते हैं और मार्ग में आने वाली समस्त बाधाओं को दूर करते हुए अपने गंतव्य को पहुंचते हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संघर्ष ही संघर्ष है और इस संघर्ष से यदि हम दूर भागते हैं तो एक कदम भी नहीं चल सकते किंतु यदि हम इस संघर्ष को स्वीकार करते हैं और उसका सामना अपनी बुद्धि विवेक के साथ करते हैं तो निश्चय हम अपने मार्ग को सफलता पूर्वक प्रशस्त कर सकते हैं। जीवन में जितना संघर्ष बाह्य जगत में है उससे ज्यादा संघर्ष अंतर जगत में है यदि अंतर जगत के संघर्ष में विजयी होते हैं तो बाह्य जगत के संघर्ष को बहुत आसानी से सामना करके सफलता हासिल कर सकते हैं। अंतर जगत की सफलता बाह्य जगत की सफलता की कुंजी है या यूं कहें कि बाह्य जगत की सफलता अंतर जगत की सफलता पर निर्भर करती है। महाभारत का युद्ध अधर्म और धर्म के मध्य का युद्ध था यानी बाह्य जगत में युद्ध के मैदान में अधर्म एवं धर्म के आलंबन वाली भौतिक शक्तियां सेना के रूप में आमने-सामने थे ,किंतु फिर भी यह युद्ध लड़ा गया और विजय उसकी हुई जिसने अंतर जगत के युद्ध को जीत लिया था अर्थात धर्म का आलंबन लेने वाले पांडव पुत्रों की जीत धर्म की जीत मानी जाती है ,किंतु यह जीत योगीराज कृष्ण के मार्गदर्शन में पाण्डु पुत्रों की जागृत की गयी अंतर जगत की चेतना के आधार पर हुई थी। प्रत्येक मनुष्य के अंदर में सकारात्मक और नकारात्मक शक्तियों द्वन्द्व चलता रहता है इस को धर्म और अधर्म ,पाप और पुण्य,सत्कर्म और दुष्कर्म, त्याग और राग,क्रोध और शांति, दैवीय और आसुरी, सांसारिकता और आध्यात्म, बाह्य जगत और अन्तर्जगत के संघर्ष के रूप में व्याख्यायित कर सकते हैं।इस द्वन्द्व के संघर्ष में विवेकवान् पुरूष अन्तर्जगत की चेतना की आवाज को पहचान कर अखिल जगत के आधार आत्म तत्व का आलंबन लेकर समस्त कल्मषों से रहित हो नितांत निर्मल शुद्ध अन्तःकरण से अहं ब्रह्मास्मि की अनुभूति करके ही श्रेय मार्ग का साधक विजयी हो सकता है ।**

प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः  
प्रारभ्य विघ्नविहिता विरमन्ति मध्याः  
विघ्नैः पुनःपुनरपि प्रतिहन्यमाना  
प्रारभ्य च उत्तेजना न परित्यजन्ति

उपरोक्त श्लोक में निम्न , मध्यम, उत्तम प्रकृति के साधकों की व्याख्या की गयी है। निम्न प्रकृति के साधक विघ्न के भय से कार्य को प्रारम्भ ही नहीं करते, वहीं मध्यम प्रकृति के साधक कार्य प्रारम्भ कर व्यवधान आने पर मध्य में ही छोड़ देते हैं, किन्तु उत्तम प्रकृति के साधक बार -बार व्यवधान आने पर भी निरन्तर संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करके ही विराम लेते हैं। आशय यह है कि बिना संघर्ष के सफलता संभव नहीं।

भारत की स्वतंत्रता के दौरान संघर्ष करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके नेतृत्व कर्ता, शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत प्रयास करके शिक्षा की दिशा को गति देने वाले बड़े-बड़े शिक्षाविद् ,बड़े-बड़े आविष्कारक, साहित्य जगत के साधक, संघर्ष शील नेता और अभिनेता, शीर्ष स्तर के चिकित्सक, खेल जगत के मानी जानी हस्तियां, उच्च स्तरीय उद्यमी, भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा विभिन्न सेवाओं में प्रतियोगिता में सफल होने वाले प्रतियोगी, समाज को दिशा देने वाले आध्यात्मिक गुरू जन, विभिन्न सुरक्षा सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी गण जो अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की एवं समाज की सुरक्षा में रत हैं इन सब की सफलता के पीछे उनके कठोर संघर्ष ही मूलाधार है। वैदिक कालीन ऋषियों की कठिन तपस्या एवं साधना के परिणामस्वरूप

उन्होंने ब्रह्म एवं जीव जगत की मीमांसा करते हुए सृष्टि के रहस्य का उद्घाटन किया तथा प्रकृति की असीम शक्तियों को पहचान कर उनमें दैवीय शक्तियों का अभास करते हुए प्रथमतःबहुदेव वाद पश्चात गहन मीमांसा करते हुए सर्वत्र एक ही सत्ता का अभास किया '' एकं वा इदं विबभूव सर्वं '' का भान करते हुए उसी को सम्पूर्ण जगत की उत्पत्ति तथा उसी के सहारे समस्त जगत का पोषण और अन्त में उसी में विलय की अनुभूति की '' यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यत्प्रयन्त्यभिसंविशंति तद् विजिज्ञासस्व तद् ब्रह्म इति''

वैदिक ऋषियों की यह मीमांसा उनकी कठिन साधना कठिन संघर्ष एवं तपस्या का परिणाम था। समाज में विभिन्न प्रस्थितियों में भूमिका अदा करके समाज की सेवा करने वाले विभिन्न सेवा धर्मियों का जीवन संघर्ष की कहानी कहता है। हमारे शास्त्रों में सेवा धर्म को अत्यंत गहन धर्म की संज्ञा दी गई है यह ऐसा धर्म है जिसमें सेवक अपनी पूरी क्षमता के साथ समाज की सेवा भले ही करता हो किंतु आलोचकों की दृष्टि से किसी भी दशा में बच नहीं पाता है। अतः साधकों के लिए कहा गया है कि चाहे जितना विघ्न आए अपने कर्तव्य पथ पर निष्ठा पूर्वक लगे रहना चाहिए। कहा गया है कि सेवा रूपी धर्म अत्यन्त गहन धर्म है जो योगियों के द्वारा भी जाने जाने योग्य नहीं है।

मौनान्मूकः प्रवचनो पटुः वाचको जल्पको वा  
धृष्टः पार्श्वे भवति वसन्दूरतः?तिप्रगल्भः  
क्षान्त्या भीरुर्यदि न सहते प्रायशोनाभिजातः  
सेवा धर्मों परम गहनो योगिनामप्यगम्यः।।

तात्पर्य है कि यदि सेवक ना बोलता हो तो उसे मूक कहा जाता है, और यदि बोलने में प्रवीण हो तो उसे वाचक जल्पाक अर्थात बड़बड़िया कहा जाता है, अति नजदीक रहने वाले सेवक को धृष्ट और दूर रहने वाले को अप्रौढ़ अर्थात ढीठ कहा जाता है ,और यदि गलत बात को सहन न करें तो उसे अनभिजात या अकुलीन कहा जाता है, इस प्रकार से सेवा रूपी धर्म अत्यन्त गहन धर्म है, जो योगियों के द्वारा भी जाने जाने योग्य नहीं है। अर्थात सेवा रूपी धर्म अत्यन्त कठिन संघर्ष की साधना है। आजकल सरकारी सेवक जन सेवक इसी कठिन संघर्ष की परीक्षा से गुजर रहे हैं।

जीवन एक संघर्ष का नाम है। यह संघर्ष जितना बाह्य जगत में परिलक्षित होता है उतना ही अंतर जगत में भी है। बाह्य जगत में एक-एक पग में संघर्ष है घर के अंदर संघर्ष है और जब हम एक कदम बाहर घर के निकलते तो प्रत्येक पग पर संघर्ष है । हम संघर्ष करते हुए अपने मार्ग को प्रशस्त करते हैं और मार्ग में आने वाली समस्त बाधाओं को दूर करते हुए अपने गंतव्य को पहुंचते हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संघर्ष ही संघर्ष है और इस संघर्ष से यदि हम दूर भागते हैं तो एक कदम भी नहीं चल सकते किंतु यदि हम इस संघर्ष को स्वीकार करते हैं और उसका सामना अपनी बुद्धि विवेक के साथ करते हैं तो निश्चय हम अपने मार्ग को सफलता पूर्वक प्रशस्त कर सकते हैं। जीवन में जितना संघर्ष बाह्य जगत में है उससे ज्यादा संघर्ष अंतर जगत में है यदि अंतर जगत के संघर्ष में विजयी होते हैं तो बाह्य जगत के संघर्ष को बहुत आसानी से सामना करके सफलता हासिल कर सकते हैं। अंतर जगत की सफलता बाह्य जगत की सफलता की कुंजी है या यूं कहें कि बाह्य जगत की सफलता अंतर जगत की सफलता पर निर्भर करती है। महाभारत का युद्ध अधर्म और धर्म के मध्य का युद्ध था यानी बाह्य जगत में युद्ध के मैदान में अधर्म एवं धर्म के आलंबन वाली भौतिक शक्तियां सेना के रूप में आमने-सामने थे ,किंतु फिर भी यह युद्ध लड़ा गया और विजय उसकी हुई जिसने अंतर जगत के युद्ध को जीत लिया था अर्थात धर्म का आलंबन लेने वाले पांडव पुत्रों की जीत धर्म की जीत मानी जाती है ,किंतु यह जीत योगीराज कृष्ण के मार्गदर्शन में पाण्डु पुत्रों की जागृत की गयी अंतर जगत की चेतना के आधार पर हुई थी। प्रत्येक मनुष्य के अंदर में सकारात्मक और नकारात्मक शक्तियों द्वन्द्व चलता रहता है इस को धर्म और अधर्म ,पाप और पुण्य,सत्कर्म और दुष्कर्म, त्याग और राग,क्रोध और शांति, दैवीय और आसुरी, सांसारिकता और आध्यात्म, बाह्य जगत और अन्तर्जगत के संघर्ष के रूप में व्याख्यायित कर सकते हैं।इस द्वन्द्व के संघर्ष में विवेकवान् पुरूष अन्तर्जगत की चेतना की आवाज को पहचान कर अखिल जगत के आधार आत्म तत्व का आलंबन लेकर समस्त कल्मषों से रहित हो नितांत निर्मल शुद्ध अन्तःकरण से अहं ब्रह्मास्मि की अनुभूति करके ही श्रेय मार्ग का साधक विजयी हो सकता है । महाभारत के युद्ध के प्रारंभ में अर्जुन के मन के अंतरद्वन्द्व को समाप्त करने के लिए भगवान श्री कृष्णा शिक्षा देते हुए अर्जुन को समत्व का भाव रखकर युद्ध करने की सलाह देते

सुखदुःखे समेकृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ।  
ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि।।

अर्थात सुख और दुख लाभ और हानि जय और पराजय में समान भाव से रहकर अपने कर्तव्य का पालन करने वाले को कोई पाप नहीं लगता है। आगे श्रीकृष्ण कहते हैं कि

सर्व धर्मान परित्यज्य मामेकं शरणं ब्रज।  
अहं त्वां सर्व पापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मां शुच।।

अर्थात समस्त द्वन्द्वों को त्याग कर केवल मेरी एक शरण में आ जाओ मैं तुम्हें समस्त पापों से मुक्त कर दूंगा तुम चिंता मत करो। यहां पर श्री कृष्ण का आशय है कि समस्त द्वन्द्वों को त्याग कर उसे परम तत्व का आश्रय ग्रहण करो यदि तुम ऐसा करते हो तो समस्त कल्मषों से दूर होकर के पाप रहित हो निश्चय ही श्रेय मार्ग को प्राप्त करोगे। निश्चय ही श्री कृष्ण ने अर्जुन को ज्ञान देकर कर्म के मार्ग पर प्रबृत्त किया और यह शिक्षा देकर की सभी धर्मों अर्थात द्वन्द्वों का परित्याग कर मेरी शरण अर्थात परमात्मा के शरण में आ जाओ श्री कृष्ण की यह शिक्षा ज्ञान कर्म एवं भक्ति के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। अर्जुन को संघर्ष से विरत न होने के लिए श्री कृष्ण ने शिक्षा दी की जिस परिवार और आत्मीय जनों के मोह पाश से अवद्ध होकर तुम अपने कर्तव्य से विरत हो रहे हो यह तुम्हारा आज्ञान ही है वस्तुतः बाह्य जगत के द्वन्द्व में फंसकर तुम संघर्ष से विरत हो जिनके मरने और जीने की बात कर रहे हो और उसे दुखित हो रहे हो वह तो सब नश्वर ही हैं अनस्वार तो केवल वह परम तत्व है जो ना मरता है ना जीता है तुम व्यर्थ में ही चिंता कर रहे हो अतः हे अर्जुन संघर्ष करो

न जायते म्रियते वा विपश्चित  
न अयं कुतश्चित न बभूव कश्चित।  
अजो नित्यः शाश्वतो अयं पुराणो  
न हन्यते हन्यमाने शरीरे ।।

आत्मा न मरता है न जीता है ना कभी था और ना कभी होगा यह नित्य है शाश्वत है और विनश्वर शरीर के नष्ट होने पर भी यह नष्ट नहीं होता है।। इस प्रकार से तीनों मार्गो ज्ञान कर्म और भक्ति के समन्वय के साथ श्री कृष्ण ने अर्जुन को समस्त विकल्पों कल्मषों से रहित होकर अपने कर्तव्य के प्रति संघर्ष के लिए प्रेरित किया था। आज भी प्रत्येक व्यक्ति के अंतर में महाभारत का यह युद्ध चलता रहता है और इसमें विजयी वही योद्धा होता है जो अपने संघर्ष को द्वन्द्वों से रहित होकर अनवरत जारी रखता है संघर्ष ही जीवन है। आज हमको अपने देश और समाज तथा धर्म के लिए संघर्ष की आवश्यकता है यदि सच्चे अर्थों में हम धर्म के मार्ग पर चल रहे हैं तो उस परम तत्व का आश्रय लेकर के बिना किसी विकार से प्रभावित हुए अपने कर्तव्य का पालन करें तो निश्चय ही हम अपने धर्म और समाज की रक्षा कर पाएंगे अन्यथा श्रीकृष्ण की शिक्षाओं के प्रतिकूल किसी कुत्सित विचार के स्वार्थी व्यक्ति की इच्छाओं और सलाह के अनुकूल कार्य करने पर विकार युक्त होकर यदि हम अपने संघर्ष को विराम देते हैं तो निश्चय ही हम अपने धर्म और समाज की रक्षा करने में समर्थ नहीं है और अब पाठक ही तय करें की यह किस प्रकृति साधना है इति ।।

# पर्यावरण के साथ हो रहा सांस्कृतिक क्षरण

अवनि अंबर में भारी तपिश है। यह तपिश प्रत्येक वर्ष बढ़ती जा रही है। टीवी, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया में मौसम लगातार गर्म रहने की खबरें हैं। ग्लेशियर पिघलने की गति बढ़ने की जानकारी दी जा रही है। वैज्ञानिक इस कारण चिंता में है। विश्व के बढ़ते तापमान को वैज्ञानिकों ने बताया कि यह ग्लोबल वार्मिंग के कारण है। पूरे विश्व का पर्यावरण तंत्र बदल रहा है। भयावह तूफान आ रहे हैं। चक्रवाती तूफानों का आना बढ़ा है। पर्यावरण में अनेक तरह के बदलाव हो रहे हैं। ऋतु चक्र भी बदल रहा है।

पक्षियों की कई प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। कई के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। पशुओं की संख्या घट रही है। वैज्ञानिक रिपोर्टें कहती हैं ग्लेशियरों के पिघलने से जल का प्रवाह बढ़ेगा। जल नदियों पहाड़ों से होते हुए समुद्र में जाएगा। महासागरों का जल स्तर बढ़ेगा। जल स्तर बढ़ने से पूरी दुनिया के अनेक नगरों को इस जल से डूबने का खतरा उत्पन्न होगा। इस तरह की रिपोर्ट पहले भी आई हैं। पर्यावरण के प्रति हम सचेत नहीं होते हैं। पूरे विश्व का तापमान न बढ़े इस पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन लंबे समय से हो रहें हैं। पेरिस समझौते के दस वर्ष हो रहे हैं। उत्सर्जन को हर हाल में कम करना ही होगा। सम्मेलनो के निष्कर्ष विश्व पर्यावरण को ठीक करने में नाकाम है। पूरे विश्व में विकास को लेकर प्रतिस्पर्धा है। प्रश्न है कि क्या आधुनिक विकास और विज्ञान मानव जीवन विरोधी है ? ए आई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) विज्ञान का चमत्कार है। यह ए आई बढ़ते तापमान पर क्या करेगा ? महासागरों में बाढ़ आने पर क्या कर लेगा ? मछलिया नही होंगी मोर नही नाचेंगे ? शेर, चीता, बिल्ली, कुत्ता,गाय, घोड़ा हाथी सब विलुप्त जायेंगे क्या। तब मनुष्य कितने बचेंगे ? जो रह जाएंगे उनके साथ रोबोट होंगे। वह होंगे तो प्लास्टिक अलुमुनियम स्टील के रोबोट के साथ होंगे। अनेक रोबोट कम्पनियों में काम करते बताये जाते हैं। समझ सकते हैं कि रोबोट के मित्र उनके साथ काम करने वाले मनुष्यों की संवेदना कम जरूर हो रही होगी। वे रोबोट के ही स्वभाव के हो सकते हैं। यह खोज का विषय है।

विकसित राष्ट्र अधिकतम विकास कर अंतरिक्ष में कालोनी बनाना चाहते हैं। यह एक छोर है। दुनिया के कई देश रोटी पानी , स्वास्थ्य, शिक्षा की बुनियादी जरूरतों को पूरा नही कर पा रहे। यह दूसरा छोर है। वे संघर्ष में हैं। पृथ्वी पर पड़ोसियों से परिचय मैत्री घटी है। फ्लैट और कालोनी में रहने वाले शहरी सभ्यों ने भारत की प्रणाम नमस्कार संस्कृति को आहत किया है। तब चन्द्रमा पर किस भगवत्ता को उपलब्ध होंगे। पूरी दुनिया युद्धों में है। इनसे लोग भयभीत हैं। शक्तिशाली देश संयुक्त राष्ट्र संघ की कोई बात सुनते नहीं। उसकी आवाज ही दबी हुई है। बढ़ते युद्धों और बारूदी प्रगति के बीच पर्यावरणीय क्षति बड़ा विषय है। यह पर्यावरण तब ठीक होगा जब तापमान को घटाने के उपाय सामूहिक हो। दृढ़ इच्छा शक्ति से भरें हो। अरबों डीजल, पेट्रोल की गाड़ियां लगातार धरती पर तापमान बढ़ा रही हैं।

औद्योगिक क्षेत्रों में भी भारी मशीने चल रही है। डीजल पेट्रोल जलेगा तो कार्बन पर्यावरण में विचरण करेगा ही। वाहनों का कचरा अलग से है। ई कचरा नई समस्या है। प्लास्टिक से बनी वस्तुओं ने समुद्र, नदियों,झीलों,तालाबों में जलीय जीवों को संकट में डाला है। जलीय जीवों में प्लास्टिक कण पाए गए हैं। प्लास्टिक के उचित प्रयोग पर सरकारें गम्भीर नही है। नगरों से गांवों तक प्लास्टिक कचरा है। कृषि भूमि चपेट में है। लोकसभा विधानसभाओं में इस पर चर्चा नही है। विज्ञान का स्वभाव है अभी और आगे ? वस्तुओं का अंत नहीं है। धर्म और विज्ञान साथ-साथ हैं। सनातन धर्म कहता है कि



अरुण कुमार दीक्षित

हमारे आचरण से किसी व्यक्ति या समूह, राष्ट्र की क्षति न होने पाए। भारत इसे एक सूत्र वाक्य में ''वसुधैव कुटुंबकम'' कहता है। संपूर्ण पृथ्वी हमारा परिवार है। समुद्र नदियों में ईश्वरीय अनुकंपा से जन्मे जलीय जीवों को जीने का पूरा अधिकार है। नदियों को वैदिक साहित्य में जल माताएं कहा गया है। नदियां भरतजनों की पूजनीय हैं। इन्ही नदियों के तटों पर कुंभ महाकुंभ हैं। नदियों के तटों पर विश्व में हजारों लाखों साल प्राचीन संस्कृतियों, सभ्यताओं का विकास हुआ है। नदियों, झीलों को सीवर लाइनों में परिवर्तित किया जा रहा है। वन संपदा औषधीय पेड़ों पौधों के प्राकृतिक सौंदर्य को नष्ट करने की कार्रवाई जारी है। यह तब है जब इससे जुड़े बड़े मंत्रालय हैं। किसी एक देश मे नही सभी देशों में हैं ऐसे मंत्रालय। दुनिया के किसी विशेष क्षेत्र की बात नहीं पूरी दुनिया में समुद्र पाटे जा रहे हैं। पहाड़ों को गिराया जा रहा है। अंग्रेजी नाम वाले होटल भारत मे भी तेजी से बनाए जा रहे हैं। एक सितारा से पांच सितारा तक होटलों की महिमा है। भारत के पवित्र धार्मिक, आध्यात्मिक क्षेत्र में यह सितारेदार होटलें बने इसके लिए सरकारें परेशान हैं। इन होटलों के लिए नदियों झीलों को पाट रहे हैं। मशीने गरज रही हैं। आधुनिक विकास के कदमों से समुद्र को नाप कर हर्षित हो रहे हैं। चीन विश्व का सबसे बड़ा बांध बना रहा है। इसके निष्कर्ष अभी बाकी हैं। आधुनिक विकास विनाश का भाई है। दैवी आपदाएं बढ़ी हैं।

पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो रहा है। बिजली की मांग बढ़ी है। करोड़ों पक्के नए घर बना रहे हैं। सीमेंट कंक्रीट के जंगलों से हरियाली पूर्ण सौंदर्य भरे नगर नहीं हैं। घरों में कैक्टस रखे हैं। पर्यावरण के साथ भारतीय संस्कृति का क्षरण तेजी से हो रहा है। अधिकतम पेड़ लगाया जाना पर्यावरण के लिए लाभदायक है। जनप्रतिनिधि तो कहीं पेड़ लगाते समय की या किसी पेड़ पौधे के साथ की सेल्फी से दिवस मना लेते हैं। वन विभाग सरकारी धन का गोलमाल करता है। ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण के नाम पर भारी बजट का बंदरबांट है। पेड़ वहीं लगाए जाते हैं जहां उनकी सुरक्षा पानी का इंतजाम नहीं है। इसके बावजूद कई ग्राम पंचायतें शासन स्तर पर पुरस्कृत होती हैं। दूसरी तरफ सरकारों के दावे हैं कि वन क्षेत्र बढ़ा है। सरकारी तंत्र की इस निर्लज्जता पर समाज निरीह है। बेचारा है। कुछ पेड़ों को कटवाने पर रोक है। जिन पेड़ों पर रोक है वह पुलिस के सहयोग से कटते हैं। कभी-कभी वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत टारगेट में मुकदमे लिखे जाते हैं। फोटो खिंचवाकर पर्यावरण दिवस 5 जून को ठीक करने का प्रयास फिर होगा।

गीता के दसवें अध्याय श्री कृष्ण विभूतियों के वर्णन में कहते हैं प्रकृति श्रेष्ठ है। उन्होंने प्रकृति की महिमा को कहा कि प्रकृति और ईश्वर एक है। वे सब मे व्याप्त हैं। प्रकृति सभी जीवधारियों को गर्भ में धारण करती है। कृष्ण यहां अपने दिव्य विभूतियों के संदर्भ में कहते हैं, वेदों में मैं सामवेद हूँ। देवों में इंद्र और इंद्रियों में मन हूँ। प्राणियों में उनकी चेतना हूँ। जल में सागर मैं ही हूँ। पर्वतों में हिमालय हूँ। ज्योतियों में सूर्य हूँ। नदियों में गंगा हूँ। मछलियों में मगर हूँ। वृक्षों में अश्वत्थ( पीपल) हूँ। सृष्टियों का आदि मध्य अंत मै हूँ। कृष्ण के अर्थात उनके स्वयं के ब्रह्मांड के साथ सम्बन्धों का संकेत है। वह प्रकृति हैं जो हर कर्ता के पहले उपस्थित है।

ऋग्वेद में ''स्वस्ति ''का अर्थ ही है, प्राकृतिक पदार्थों से कल्याण की भावना। यजुर्वेद में पवन हमारे लिए सुखकर चले की देवों से प्रार्थना है। अथर्ववेद में समस्त दिशाएं मित्रवत सुख दें वैदिक मनुष्य की अभीप्सा है। अथर्ववेद में ही सत्य, मृदु, संकल्प, तप, ज्ञान और त्याग के साधन से पृथ्वी के रक्षा करने की प्रार्थनाएं हैं। वैदिक काल में पर्यावरण के प्रति गहन अभिलाषा है। विशुद्ध पर्यावरण के लिए वैदिक दर्शन महामार्ग है। वैदिक काल के मनुष्य की प्रकृति से सहनाववतु की प्रार्थना है। दुनिया की प्राचीन सिंधु सभ्यता अवशेष बताते है कि जीवन आनंदमगन रहा होगा। वस्तुतः पर्यावरण एक नाम है। वैदिक वाङ्मय में पृथ्वी, आकाश, जल, वायु ,अग्नि, पंचमहाभूत तत्व हैं। इनके ही ठीक रहने से पर्यावरण विशुद्ध होगा। जिस तरह दूषित करने के सभी दोषी हैं। ठीक उसी तरह सबको पर्यावरण प्रदूषित होने से बचाने के लिए आगे आना होगा।

# बहन से उधार पैसे न मिलने पर भाई ने बहन के घर के बाहर गोली मारकर की आत्महत्या

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर। सुसाइड करने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। उधार पैसे न मिलने पर भाई ने बहन के घर के बाहर बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बाबूजई के रहने वाले विनोद के रूप में हुई है। विनोद कुछ दूर पर स्थित अपनी बहन से रुपये मांगने गया था। रुपये नही देने पर विनोद को गुस्सा आ गया और खुद को गोली मार ली । गोली की आवाज सुनकर लोग बाहर आए। तब खून से लपतथ विनोद जमीन पर पड़े थे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने विनोद को राजकीय मेडिकल कालेज भेजा ।जहां डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया ।पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

दरअसल मामला चौक कोतवाली क्षेत्र का है यहां बाबूजई के रहने वाले 55 साल के विनोद अपने मकान से कुछ कदम की दूरी पर स्थित खिलौना फैक्ट्री के पास रहने वाली बहन ललिता के घर गए थे। विनोद ने ललिता से रुपये मांगे तो उन्होंने देने से मना कर दिया। इसके बाद कुछ देर तक विनोद ने ललिता का दरवाजा खटखटाया और फिर अलसहा से सिर में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनते ही ललिता और आसपास के लोग घरो से बाहर निकले तो विनोद खून से लपतथ गली में पड़े थे। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विनोद राजकीय मेडिकल कालेज भेजा ।जहां डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। मृतक की बहन ललिता ने बताया कि वह अपने पिता के निधन के बाद उनकी जगह पर बाल विकास आफिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं।

विनोद के पास खेती और दुकान थी। उसने बेच दी थी। वह आए दिन रुपये मांगने घर आता था। उसकी मजबूरी समझकर वह रुपये दे देती थीं। दो महीने पहले भी पांच हजार रुपये लेकर गए थे। लेकिन अब फिर से रुपये मांगना शुरू कर दिए थे। घटना से पहले विनोद ने मकान के बाहर गाली-गलौज की थी। डर के कारण उन्होंने दरवाजा नही खोला था। फरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई है। फिलहाल मामले में पुलिस ने सब कब्जेजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पीडीए ने सील किया 15 अवैध निर्माणाधीन भवन

प्रयागराज। शहर में हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को पीडीए के प्रवर्तन टीम ने जोन 3, उपजोन 3ए, 3बी के क्षेत्र में निर्माणाधीन 15 मकानों को सील किया। टीम ने चेतावनी दी है कि बगैर मानचित्र पास कराए निर्माण करेंगे तो प्रयागराज विकास प्राधिकरण आगे की वैधानिक कार्रवाई करेगा। यह जानकारी जोन 3 के जोनल अधिकारी संजीव उपाध्याय ने दी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अमित पाल शर्मा के निर्देश पर अवैध निर्माण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को जोन 3, उपजोन 3ए, 3बी के क्षेत्र में स्थित छोटा बघाड़ा निवासी अशोक कुमार यादव, धनी लाल सरोज, अभिषेक सिंह, पाल चौराहा निवासी सुमित मिश्रा, सब्जी मंडी के समीप निवासी मानिक चन्द्र यादव, विनय यादव, राम प्रवेश यादव, शिवजीत, संदीप कुमार गौतम, केदारनाथ मौर्य, पूनम पटेल, विरेन्द्र कुमार, मुकेश पाल, अनिल बरनवाल, अनिल सिंह के अवैध निर्माणाधीन मकान को सील कर दिया गया। प्रवर्तन टीम ने विधिक कार्रवाई करते हुए चेतावनी दी है।

# पुलिस की अनोखी पहल छात्रा को बनाया गया पुलिस अधीक्षक

● पुलिस अधीक्षक बनकर जनता की समस्याओं को सुना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शाहजहाँपुर। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एसपी राजेश द्विवेदी ने एक अनोखी पहल की है जिससे छात्राओं में उत्साह देखने को मिला अनोखी पहल के तहत सीबीएसई बोर्ड 10वीं की परीक्षा में 93% अंक प्राप्त करने वाली छात्रा ओशीन अनैजा को एक दिन के लिए पुलिस अधीक्षक बनाया गया। इस अवसर पर तक्षशिला पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा ओशीन अनैजा ने पुलिस अधीक्षक के रूप में जनसुनवाई की, जिसमें उन्होंने आम जनता की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। यह अनुभव बालिकाओं को प्रशासनिक कार्यों की वास्तविक समझ देने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देता है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने इस पहल को महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति एक सकारात्मक कदम बताया और कहा कि इससे बालिकाओं में प्रशासनिक कार्यों की रुचि बढ़ेगी और वे आगे चलकर समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी। उन्होंने बताया मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। इस अभियान के तहत अनेक जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# गन्ने में लगने वाले कीट बीमारियों से रहे सावधान : डॉ सुजीत प्रताप सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 सुजीत प्रताप सिंह ''पादप एवं कीट रोग विशेषज्ञ'' द्वारा गोला चीनी मिल क्षेत्र के ग्रामों गिरधरपुर,सरकारपुर, सिद्धनपुर,

तिलकपुर,धर्मपुर,बेलाबोझी,कपरहा इत्यादि में प्रगतिशील कृषक आनन्द त्रिवेदी फार्म,लाल जी वर्मा फार्म,परसादी लाल फार्म,ज्ञानी जी फार्म इमलिया कोठी सहित अनेको कृषकों के खेतों का भ्रमण कर क्षेत्र में गन्ने में लगने वाले कीट तथा रोग की पहचान एवं निदान के बारे में कृषकों को विस्तार से बताया।तथा प्रगतिशील कृषक तुलसीराम ग्राम धर्मपुर में एक कृषक गोश्ठी का आयोजन कर कीट तथा बीमारियों के सम्बन्ध में डॉ सिंह ने कृषको को चोटी बेधक कीट से बचाव हेतु यांत्रिक नियंत्रण के अंतर्गत प्रभावित पौधों को यथा शीघ्र काटकर नष्ट करने तथा कोराजन सुपर सिक्सर की ड्रेंचिंग करने की सलाह दी व लग रहे पोक्का बोइंग रोग के निदान हेतु कॉपर ऑक्सीक्लोराइड या अन्य फफूँद नाशक(प्रिज्म) का पर्णीय छिड़काव करने की सलाह दी, गन्ना प्रजाति को0 0238 के खेत को भी देखा गया परन्तु अभी कहीं कोई लाल सड़न रोग के लक्षण नहीं पाया गया। लाल सड़न रोग के प्राथमिक संक्रमण के लक्षण पत्तियों के मध्य सिरा पर लाल धब्बे के रूप में दिखाई देते है, इसकी रोकथाम हेतु संक्रमित पौधे को शीघ्र जड़ सहित निकाल कर नष्ट कर दे तथा उस जगह की मिट्टी में ब्लीचिंग पाउडर डालने या प्रिज्म की ड्रेंचिंग करने की सलाह दी साथ ही सिचाई पर ट्राइकोडर्मा प्रयोग करने की सलाह दी, इसके अतिरिक्त चूषक कीट ब्लैक बग (काला चिकटा) की पहचान काले चीटे जैसे होते है तथा पृष्ठ भाग पर सफ़ेद धब्बे पाए जाते है इसके लक्षण गन्ने की गोफ वाली पत्तियों में प्रतीत होते है व थ्रिप्स का छिटपुट प्रकोप देखा गया इसके लक्षण पत्तियो के अग्र भाग नुकीले भाला के समान दिखाई देते है,ये महीन चींटी के आकार के पत्ती के अग्र भाग में छिपे रहते है,चूषक कीट के प्रकोप से पत्तियां पीली पड़ जाती है इनके नियंत्रण हेतु क्लोरोसायपर या एमिडाक्लोप्रिड का पर्णीय छिड़काव करने की सलाह दी गयी।वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी एस चतुर्वेदी ने प्रति इकाई गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु मृदा परीक्षण के आधार पर सन्तुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग करने व एनपीके विलेय उर्वरक का पर्णीय छिड़काव करने की सलाह दी तथा उन्होंने कृषकों से यह भी अपील की कि अपना गन्ना सर्वे खेत पर पहुँच कर अवश्य दर्ज करा लें।

## समाजसेवी भवानी शंकर महेश्वरी ने जीतने वाली टीम को1000 रुपये भेंट किया



मैलानी खीरी। मैलानी फाइनल मैच कंधईपुर प्रिमियम लीग और निषाद क्रिकेट क्लब के बीच में हुआ जिसमे कंधईपुर की टीम ने टास जीत कर गेंदबाजी का फैसला किया निषाद की टीम ने 16 ओवर में 120 रन बनाकर 121 रन का लक्ष्य दिया। और कंधईपुर ने 9 ओवर 4 गेंद,और 9 विकट से जीत हासिल की। जिसमे सिबू ने 84 रन की बड़ी पारी खेली जिसमे 12 छक्के सामिल थे।और विपक्षी टीम के 2 विकट भी लिए ये आज के मैच में मैन ऑफ द मैच थे। अथित समाजसेवी भवानी शंकर महेश्वरी श्रीमती गुरमीत कौर, रावत सर ,और अतिथि गण उपस्थित थे । नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति महेश्वरी पति समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी के द्वारा प्रथम प्राइस जीतने वाली टीम के लिए 1000 रुपए का इनाम घोषित किया और जीतने वाली टीम को1000 रुपए का इनाम भेंट कर टीम की प्रशंसा की।

# भाईचारे एवं सद्भावना के साथ मनाये त्यौहार: डीएम

● डीएम-एसपी ने ली जिला शान्ति समिति की बैठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। बकरीद त्यौहार व गंगा दशहरा को शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा की अध्यक्षता में अटल सभागार में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मौजूद सम्भ्रान्तजनों द्वारा आश्वस्त किया कि आसन्न त्यौहारों को शासन-प्रशासन की गाईडलाइन व दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गत वर्षों की भांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। बैठक का सफल संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।

शांति समिति की सार्थकता का उल्लेख करते हुए डीएम ने कहा कि बैठक में आपके द्वारा उठाये गये बिन्दुओं से हमें आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कार्ययोजना बनाने एवं उनके क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा किसी भी आने वाली समस्या का समाधान हम पहले से ही करने में सफल हो सकेगे। डीएम ने आश्वस्त किया कि सम्भ्रान्तजनों व धर्म गुरूओं की ओर से साफ-सफाई, बिजली, पानी इत्यादि के सम्बन्ध में जो महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं उसका समय से निराकरण कराया जायेगा। डीएम ने ईओ व डीपीआरओ को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस-पास पर्याप्त साफ-सफाई करा दें। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ त्यौहार को मनायें। असामाजिक तत्वों से सावधान रहें, यदि कोई अप्रिय बात हो तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। त्यौहार के अवसर पर किसी नई परम्परा की अनुमति नहीं होगी। त्यौहार को पारम्परिक ढंग से मनायें, निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी की जाय। प्रतिबन्धित जानवरो की कुर्बानी न की जाय तथा अवशेष का सम्मानजनक ढंग से निस्तारण किया जाय। सड़कों पर धार्मिक आयोजन न किये जायें। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि आप सभी के सहयोग से बीते वर्षों में जनपद में सभी त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुए हैं और मुझे उम्मीद है कि यह परंपरा इस वर्ष भी कायम रहेगी। ताजियों की ऊंचाई सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, क्योंकि ऊँचे ताजिए विद्युत तारों और संकरी गलियों में बाधक बन सकते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। अतः सभी आयोजकों से अपेक्षा है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और सहयोग प्रदान करें।शरारती व असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर है। गुड पुलिसिंग जारी रहेगी, लेकिन माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा।

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जनपद में सभी धर्मों व समुदायों के लोगों द्वारा मिलजुल कर पर्व मनाना हमारी साझा संस्कृति की पहचान है। प्रशासन की ओर से साफ-सफाई, जल, विद्युत और सुरक्षा की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। किसी भी असामाजिक गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई होगी और सभी से अनुरोध किया कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे प्रशासन से संपर्क करें। इस अवसर पर एसडीएम ''सदर,, अश्विनी कुमार सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, जिला स्तरीय अधिकारी व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, धर्मगुरूओ व संभ्रान्तजनों सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# चार देशों की विशेष कूटनीतिक यात्रा से लौटे सांसद अतुल गर्ग का किया स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गाजियाबाद। चार देशों लाइबेरिया, यूएई, कोंगो और सिएरा लियोन की कूटनीतिक विदेश यात्रा पूर्ण कर गाजियाबाद लौटने पर सांसद अतुल गर्ग का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतुल गर्ग ने कहा कि यह यात्रा केवल सांस्कृतिक और आर्थिक सहयोग की नहीं थी, बल्कि भारत की सुरक्षा नीति और आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प को वैश्विक मंच पर दर्शाने की भी थी। ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत द्वारा उठाए गए कदमों को हमने दुनिया के समक्ष रखा, और पाकिस्तान के नापाक इरादों को तथ्यों के साथ उजागर किया। इस प्रकार की यात्राएं भारत की वैश्विक साख को मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत सरकार द्वारा सांस्कृतिक, रणनीतिक और आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के एकमात्र सांसद के रूप में भाग लेकर भारत का गौरव बढ़ाया। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य भारत सरकार और भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे ''ऑपरेशन सिंदूर'' के प्रभाव को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करना रहा। इस मिशन के तहत प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित देशों के नीति-निर्माताओं को भारत की भूमिका, सुरक्षा रणनीति और मानवाधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता की जानकारी दी। श्री अतुल गर्ग ने चारों देशों के सांसदों, मंत्रियों एवं राजनयिकों से भेंट कर आर्थिक, रक्षा और सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने पर चर्चा की। उन्होंने अफ्रीका और खाड़ी देशों में भारत की भूमिका को मजबूती से प्रस्तुत किया। गाजियाबाद लौटने पर उनके आवास पर पूर्व महापौर आशु वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, महामंत्री सुशील गौतम ,रामावतार एवं हिमांशु समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने जलेबी और लड्डू खिलाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

## उरई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की छत पर चढ़ा यात्री करंट से झुलसा

जालौन। उरई रेलवे स्टेशन पर बुधवार को ट्रेन की छत पर सफर कर रहा एक यात्री ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन (ओएचई) के संपर्क में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस ने यात्री को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। यात्री कहां से यात्रा कर रहा था और कोच की छत पर कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है।रेलवे इंस्पेक्टर उरई अभिषेक यादव ने बताया कि घटना यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12592) ट्रेन की है। पूछताछ में पता चला है कि इस ट्रेन में सफर कर रहे यात्री बिहार के खजुरिया चंपारण का निवासी नंद किशोर महतो (52) अपने साथी लीलाधर के साथ यशवंतपुर से गोरखपुर जाने के लिए जनरल डिब्बे में सफर कर रहा था। उरई स्टेशन पर ट्रेन में अचानक भीड़ बढ़ने के कारण वह कोच की छत पर चढ़ गए और हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

# सास को देखने गए गृह स्वामी के घर चोरों ने नगदी सहित लाखों के जेवरात पर किये हाथ साफ!

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। थाना हैदराबाद की ढकवा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम शेरपुर के एक व्यक्ति के घर चोरों ने लाखों रुपये के जेबरात पार कर दिए।बीमार सास को अस्पताल देखने गए दंपति के घर चोरों ने खिड़की की सिटकनी तोड़कर कमरे में रखी अलमारी व बक्से को खोलकर बीस हजार की नगदी सहित लाखों के सोने-चांदी के जेवरात व चार साड़ियां निकाल ले गए ,घर वापस आए दंपति ने हैदराबाद पुलिस को लिखित तहरीर दे अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। शेरपुर निवासी कमल किशोर ने बताया मैं अपनी पत्नी सहित गंभीर बीमार अपनी सास को देखने 31 मई को हॉस्पिटल गए थे, इसी दौरान 1 जून को सास की मृत्यु हो जाने के कारण दूसरे दिन घर वापस नही पहुंच सका। 2 जून को वापस घर पहुचने पर कमरे का दरवाजा खोला तो देखा अलमारी व बक्से का सामान बिखरा हुआ पड़ा था, अलमारी का दरवाजा व बक्सा खुला पड़ा था जिसमें से नकदी व सोने -चांदी के महंगे जेवरात गायब थे खिड़की का दरवाजा खुला हुआ था दरवाजे में लगी सिटकनी टूटी हुई नीचे पड़ी थी। चोरी गए जेवरातों में एक सोने का हार,चार कंगन ,एक जोड़ी झाला ,एक नथनी, एक मांग टीका, मंगलसूत्र ,एक अंगूठी ,दो वाली और चार नाक के फूल व चांदी की दो जोड़ी पायल व चार जोड़ी बिछिया और चार साड़ियां व बीस हजार रूपए नकद गायब मिला। अज्ञात चोरों के विरुद्ध घटना की लिखित शिकायत थाना हैदराबाद में की है।आम लोगों का कहना है कि चौकी क्षेत्र में कोई चौकी इंचार्ज व स्थाई आरक्षी ना होने से रात्रिग्रस्त व सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं।चोरों के हौसले बुलंद हैं लगातार वेहिचक घटनाओं को अंजाम देरहे हैं, पुलिस घटना को झुठलाकर कार्यवाही करने से बचती रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

औरैया। जिले के अयाना थाना अंतर्गत एक छात्रा ने बुधवार को फांसी फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन ने शव लटकता देख घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर रही है। नवादा ज्वाला प्रसाद निवासी इंदल की सिंह की बेटी प्रिया (16) कटघरा ब्रह्मानान ?स्थित एक इंटर कॉलेज की छात्रा थी। आज 11 बजे के करीब कमरे में बुलाने पहुंची मां संजना ने बेटी का शव छत के कुंडे में दुपट्टे के फंदे से लटका देखा। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। भाई प्रिंस व वंश कुमार बहने का शव लटका देख बिलख पड़े। इस सूचना पर सीओ अजीतमल एमपी सिंह, प्र?शिक्षु सीओ मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष अजय कुमार पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे और छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। सीओ एमपी सिंह ने बताया कि पूछताछ में छात्रा के पिता इंदल सिंह ने बताया कि बेटी आज सुबह नाश्ता करने के बाद अपने कमरे में चली गई थी। इसके बाद काफी देर तक बाहर नहीं निकली तो पत्नी बेटी को बुलाने पहुंची और कमरे में उसका शव फंदे से लटका मिला। सीओ ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### प्रयागराज में युवक की हत्या का खुलासा, एक गिरफ्तार

प्रयागराज। सरायममरेज थाने की पुलिस टीम ने 31 मई को हुई युवक की हत्या का खुलासा करते हुए बुधवार को एक आरोपित को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने परिवार की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अपरोपितो की तलाश कर रही थी। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सरायममरेज थाना क्षेत्र के मवैया हिन्दुवानी गांव निवासी राहुल पासी उर्फ विकास कुमार पासी पुत्र धर्मराज पासी है। उल्लेखनीय है कि 31 मई को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सोरो बरियारपुर स्टेशन स्थित करण्टे तिराहा के पास 02 अज्ञात लोगों ने शुभम तिवारी (22) पुत्र त्रिलोकी नाथ तिवारी निवासी ग्राम पुरेलाल (नींभापुर) थाना मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर की पुरानी रंजिश में मार-पीट करते हुए पैर की जांघ में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने परिवार से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करके आरोपितों की तलाश में लगी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### बेटी ने सौतेले पिता पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

जालौन। कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक सौतेले पिता पर अपनी ही सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़ित युवती अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस को दिए शिकायत पत्र में युवती ने बताया कि उसका सौतेला पिता कई महीनों से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। जब उसने इसका विरोध किया, तो उसने उसे बेरहमी पीटा। जान से मारने की धमकी दी। उसने बताया कि यह सिलसिला काफी समय से चल रहा था लेकिन डर और समाज के तानों के कारण वह चुप रही। दिन प्रतिदिन बढ़ती हैवानियत से आजीज होकर उसने मां के साथ थाने पर पहुंचकर सौतेले पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाया बेटी को जहर पिलाने का आरोप

मीरजापुर। चील्ह थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला की हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मायके पक्ष ने बेटी को जहर पिलाकर मारने का आरोप दामाद, ससुरालियों पर लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रयागराज जिले के मेजा थाना क्षेत्र के शुकुलपुर बरवा गांव की रहने वाली इंद्रानी देवी ने चील्ह थाना पुलिस को बुधवार शिकायत की कि उनकी बेटी राधिका देवी की शादी वर्ष 2020 में मीरजापुर के चील्ह थाना क्षेत्र के गडगेड़ी गांव निवासी प्रदीप विश्वकर्मा से रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दामाद प्रदीप, सास कौशल्या देवी, ससुर शिवशंकर और देवर प्रवीण, बेटी राधिका को आए दिन मारते-पीटते, मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। मंगलवार रात चारों आरोपितों ने मिलकर बेटी राधिका को जबरन कोई जहरीला पदार्थ पिला दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बेटी जिला अस्पताल में भर्ती है, जिसका इलाज चल रहा है।

# साइबर अपराध से बचने के लिए तकनीकी ज्ञान और जागरूकता जरुरी : कुलपति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को साइबर थाना एवं विश्वविद्यालय के साइबर क्लब द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गयाकार्यक्रम में नए तरह के साइबर क्राइम और उनसे बचाव पर साइबर विशेषज्ञों ने विस्तार से चर्चा की गई।अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि आज साइबर अपराध बहुत तेजी से बढ़ रहा है इससे बचने के लिए सभी को तकनीकी का सही ज्ञान और जागरूकता बहुत आवश्यक है.उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी हमारी जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर हमें डरा-धमका कर ठगी करते है। इस तरह के अपराधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि साइबर अपराधियों से डरने की जरूरत नहीं है बल्कि धैर्य से काम करने की जरूरत है। पहले से आज की तुलना में जागरूकता बढ़ी है जिसके कारण साइबर अपराधी पकडे जा रहे है। उन्होंने कहा कि अधिकांश साइबर अपराधियों का अंतिम उद्देश्य वित्तीय फ्रॉड करना होता है. साइबर क्राइम थाना जौनपुर के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने विस्तार के विविध साइबर अपराधों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल अरेस्ट एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आया है. पुलिस, जज, सीबीआई, आरबीआई के अफसर बनकर साइबर अपराधियों द्वारा बड़े लोगों को डराया और धमकाया जाता है. उन्होंने कहा कि अगर कोई मोबाइल पर पैसे की मांग करें या डराए तो उसकी शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल या साइबर थाने में जरूर करें।इसी क्रम में आलोक सिंह ने भी साइबर अपराध से बचने के उपाय बताये. साइबर क्राइम थाने के संग्राम यादव ने कहा कि साइबर अपराधी लालच देकर लोगों को फंसा रहे हैं इन्वेस्टमेंट फ्रॉड बहुत तेजी से बढ़ रहा है. एक साल में पैसा डबल करने का प्रलोभन अगर मिले तो सावधान रहें. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों को गेमिंग एप से दूर रखें बहुत सारे साइबर अपराधी गेमिंग एप के माध्यम से फ्रॉड कर रहे हैं. उन्होंने लोन एप से हो रहा है फ्रॉड को भी बताया। कहा कि सावधानी के साथ बैंकों से लोन लेना चाहिए. विश्वविद्यालय के साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने नए तरीके के साइबर अपराधों के विविध आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं अतिथियों का स्वागत किया.।

## बीएफटीएस में कुशल और प्रतिबद्ध पायलट तैयार, समापन समारोह 06 को

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। एयर फोर्स स्टेशन बमरौली, प्रयागराज में स्थित भारतीय वायु सेना के बेसिक फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल (बीएफटीएस) में 06 जून को समापन समारोह होगा। जिसकी अध्यक्षता कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल के कमांडेंट मेजर जनरल अभिनय राय करेंगे, जो समीक्षा अधिकारी होंगे।यह ऐतिहासिक अवसर 215 एपीसी (हेलीकॉप्टर्स) और आईसीजी स्टेज-1 पाठ्यक्रमों के कठिन प्रशिक्षण के समापन का प्रतीक होगा, जो अगली पीढ़ी के एविएटर्स की उपलब्धियों का उत्सव मनाएगा।यह जानकारी रक्षा मंत्रालय प्रयागराज के नवनियुक्त पीआरओ एवं विंग कमांडर देबर्तो धर ने देते हुए बताया कि 09 अक्टूबर 1987 को अपनी स्थापना के बाद से बीएफटीएस ने विमानन प्रशिक्षण में उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर राष्ट्र के लिए कुशल और प्रतिबद्ध पायलट तैयार किए हैं। जनवरी 2025 में प्रारंभ हुआ यह पांच महीने का प्रशिक्षण कार्यक्रम, भारतीय सशस्त्र बलों और उससे आगे की जिम्मेदारियों के लिए आवश्यक उन्नत ज्ञान और संचालनात्मक विशेषज्ञता से स्नातक अधिकारियों को सुसज्जित कर चुका है।उन्होंने बताया कि बीएफटीएस ने संयुक्त प्रशिक्षण को बढ़ावा देते हुए भारतीय सेना, भारतीय तटरक्षक बल और भारतीय वायु सेना के अधिकारियों के लिए समन्वित प्रशिक्षण की मिसाल कायम की है। जिससे सशस्त्र बलों की विभिन्न शाखाओं के बीच बेहतर तालमेल और संचालनात्मक समझ को बल मिला है।पीआरओ ने अंत में बताया कि जैसे ही स्नातक पायलट अपने व्यावसायिक जीवन की ओर अग्रसर होंगे। यह समापन समारोह बीएफटीएस की अडिग भावना और समर्पण को प्रदर्शित करने वाला एक गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक उत्सव होगा, जो भारतीय वायु सेना की विमानन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

# 15 दिन से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर, नहीं मिल रही लाइट

- आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए रखी समस्या के समाधान की मांग
- मझगई के लोकनपुरवा में समस्या से परेशान हैं ग्रामीण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पलियाकलां खीरी। मझगई के लोकनपुरवा में करीब आधा माह से ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से ग्रामीणों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले पन्द्रह दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते उन्हें लाइट नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

उपकेंद्र मझगई के लोकलपुरवा गांव में 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है। ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते ग्रामीणों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद विभाग के अधिकारी अपनी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। बुधवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर के पास जाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि पन्द्रह दिनों से खराब ट्रांसफॉर्म के लिए हम लोग विभाग के अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं पर अभी तक किसी तरह की सुनवाई नहीं हुई है। बताया कि भीषण गर्मी में बच्चे बीमारी से तड़प रहे हैं और अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीण ने बताया कि जेई साहब आश्वासन दे रहे हैं पर अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ। इस दौरान मनोज दिवाकर, उत्तम लोधी, अदिति राना, अखिलेश जयसवाल, संतोष आदि मौजूद रहे।

## नलकूप से सरकारी कब्जा हटाने की मांग

लखीमपुर खीरी। तहसील गोला के ग्राम अशरफनगर ग्रन्ट में सरकारी नलकूप की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने डीएम, एसपी और मुख्यमंत्री तक शिकायत की है। गांव के गुरजीत सिंह और गुरजेन्दर सिंह ने नलकूप की जमीन पर पक्का निर्माण कर बाउंड्री वॉल बना ली है। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी दबंगई करते हैं और गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते रहते हैं। ग्रामीण अमृत सिंह के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ कोतवाली मोहम्मदी में पहले से दो मुकदमे दर्ज हैं। एक मामला धारा 279, 304ए और दूसरा धारा 332, 352, 504, 506 के तहत दर्ज है। आरोपी ग्रामीणों को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं। पहले भी कब्जे की शिकायत पर कोतवाली में आरोपियों ने लिखित में माना था कि उन्होंने अनजाने में सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया है। 5 दिन में कब्जा हटाने का वादा किया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से कब्जा मुक्त कराने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# ग्राम ढाका में एक कुत्ता व एक गौवंशी बछड़े को टाइगर ने बनाया अपना निवाला

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। वन रेंज मैलानी के अंतर्गत जटपुरा चौकी के निकट ग्राम पंचायत ढाका निवासी नन्हे पुत्र बनवारी के घर से 3 जून को रात 10:वजे घर में घुसकर बछड़े को टाइगर ने बनाया अपना निवाला,अगले दिन बुधवार 3/4,जून की रात को गुरजीत सिंह पुत्र बलजीत सिंह रात 8: बजे कुत्ते को टहला रहे थे तभी अचानक पीछे से टाइगर ने जर्मन शेफर्ड कुत्ते के ऊपर हमला कर मौत के घाट उतार दिया,गुरजीत ने कुत्ते का पटटा छोड़कर भाग कर हमलावर टाइगर से अपनी जान बचाई। इससे पहले भी वन चौकी जटपुरा के निकट 20 मई को रात 11:वजे कस्बा कुकरा निवासी पप्पू पुत्र मुन्ना के घर में घुसकर टाइगर ने गौवंशी बछड़े को बनाया था अपना निवाला। ग्राम ढाका बासियो का कहना है कि यह हमलावर टाइगर जो अगर वन विभाग टीम द्वारा ना पकड़ा गया तो किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है,क्षेत्र की जनता ने वन विभाग की टीम से हाथ जोड़कर अपील की है कि इस हमलावर टाइगर को पकड़ कर कहीं दूर छुडवाने का कष्ट करें,वरना हमारे परिवार सेफ नहीं है किसी भी समय हमारे घरों में घुसकर हमला करके हम लोगों को खा जाएगा।बल्कि इस टाइगर के साथ एक बाघिन दो बच्चे भी बताए हैं। बल्कि यह कुकरा बांकेगंज लोहिया पुल व निकट मलंग बाबा पुलिया के आस पास लगातार 15 दिनों से आदमखोर बाघिन व दो शावको के साथ बराबर हर दूसरे व तीसरे दिन दिखाई देते रहता है। घटना की सूचना ग्राम प्रधान रामकिशुन ने वन विभाग को दी। सूचना पर वन रेंज मैलानी की वन चौकी जटपुरा व सलेमपुर की वन विभाग की टीम मौकेए वारदात पर पहुंचकर मर्तक बछड़ा एवं जर्मन शेफर्ड कुत्ते का सव अपने कब्जे में लेकर सूपुर्द ए खाक किया। घरों में घुसकर टाइगर कर रहे बराबर जानवरों पर हमले, बच्चों एवं परिवारों में दहशत का माहौल,घरों से नहीं निकल रहे शाम को कोचिंग पढ़ने के लिए बच्चे। वन विभाग टीम के वन दरोगा राजाराम व फॉरेसगार्ड हरेंद्र यादव ने क्षेत्र में टाइगर होने की पुष्टि की है,घटनास्थल पर पहुंची वन विभाग टीम ने ग्राम वासियों को सतर्क रहने की हिदायत दी।जिसमें घटनास्थल पर वन दरोगा राजाराम,हरेंद्र यादव फॉरेस्गार्ड,वाचर मुशर्रफ अली, राम सिंह,अनीस अहमद,सहित आदि वन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे।

# क्षेत्र में तेंदुए का कहर: मामा के घर से लौट रहे नव युवक पर हमला

## ग्रामीणों की सूझबूझ से बची जान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। धौरहरा बुधवार सुबह तड़के नगर पंचायत धौरहरा क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक हिंसक तेंदुए ने साइकिल से घर लौट रहे युवक पर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए शोर मचाकर तेंदुए को भगाया, जिससे युवक की जान बच सकी। घटना के बाद से इलाके में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, धौरहरा कस्बे के मोहल्ला मनिहार वार्ड में रिश्तेदारी में आए 25 वर्षीय रसीद पुत्र अब्दुल रज्जाक, निवासी ग्राम अदलीशपुर, बुधवार सुबह लगभग 5:30 बजे अपने मामा के घर से साइकिल से अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में घने पेड़ों और झाड़ियों के बीच छिपे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया। तेंदुए ने रसीद को नीचे गिरा लिया और उस पर झपट पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर तेंदुए को भगाने में कामयाब रहे। इस दौरान तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। हमले में युवक के शरीर पर गहरे नाखूनों के करीब आधा दर्जन से ज्यादा घाव पाए गए हैं। युवक को लहूलुहान हालत में तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फॉरेस्टर राजेश दीक्षित ने बताया कि घायल को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है और उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और तेंदुए की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को सावधानी बरतने और आवश्यक कार्यों के अलावा अकेले बाहर न निकलने की सलाह दी गई है रेंजर नृपेन्द्र चतुर्वेदी।

## गोला ने जीता स्वर्गीय राजा जियाउल्ला खान सुतेहरा क्रिकेट टूर्नामेंट

गोला गोकर्णनाथ खीरी। 143 विधानसभा कस्ता के ग्राम सुतेहरा में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में कल फाइनल में गोला की टीम ने सिकंदराबाद को 2 विकेट से हरा कर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिकंदराबाद ने 14 ओवर में 126 रनो का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गोला की टीम ने विशाल जलोटा की शानदार शुरुआत और अंत में तुषार की धुआंदार बल्लेबाजी के चलते 2 गेंद बचते हुए ये मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत वारिस अली अंसारी व विशिष्ट अतिथि खुर्शीद अहमद खान, रजी खान, आसिफ अली अंसारी व आगा जावेद बेग के हाथों खिलाड़ियों को पुरस्कार ने नवाजा गया। टूर्नामेंट आयोजकऽ मिर्ज़ा शहज़र जावेद व अन्य कमेटी के सदस्य अनिल राठौर, ग्राम पंचायत मित्र विवेक , डॉ बिलाल, आजाद, शिवम, ज्ञानदीप, आशीष, सूरज, खालिक, आफताब, पंकज, अनुराग, रजनीश, शोभित व अन्य बहुत से दर्शक मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला नगर के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी में पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष कनौजिया के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने श्री राम व हनुमान जी की पूजा अर्चना कर भोग लगाकर कन्या पूजन कर प्रसाद वितरण किया। जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय बजरंग दल जिला कार्यकारिणी द्वारा लगातार पांच वर्षों से ज्येष्ठ माह में भंडारे का आयोजन हर वर्ष होता आ रहा है। इसी तरह श्री हनुमान जी की कृपा से आगे भी होते रहेंगे। भंडारे में उदासीन अखाड़े के महांत श्री श्याम मुनि जी महाराज,राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला मंत्री अखिलेश जायसवाल,जिला मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला,ऋतुराज शर्मा,जिला संयोजक ठाकुर पंकज सिंह,नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार,नगर मंत्री विकास कनौजिया,इक्क जिला अध्यक्ष अंशू वर्मा,इक्क जिला उपाध्यक्ष अंकित वर्मा,इक्क जिला मंत्री मनोज वर्मा,इक्क जिला संयोजक अशोक जायसवाल,आकाश कुमार,अंकित कुमार,राहुल भारती,शिवा कुमार,विक्रम सिंह,शिवम सिंह,राहुल भारती,अभिषेक कुमार, शयामू शाह,संकेत कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहें। प्रसाद ग्रहण करने वाले भी भारी संख्या में शमिल रहें। भंडारा श्री राम की कृपा से देर शाम तक चला।

## रामनगरी अयोध्या में चौथे बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन

अयोध्या। चौथे बड़े मंगल के पावन अवसर पर रामनगरी अयोध्या में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। उदय चौराहे पर अशोक तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा एक दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो सुबह से प्रारंभ होकर देर रात तक चला। इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भंडारे के आयोजन में सुमित्रा सेवा संस्थान का विशेष सहयोग रहा, जिसने व्यवस्था को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्याम तिवारी, साहिल कुमार, सुनील मिश्रा, खिलाड़ी चतुर्वेदी, विकास गुप्ता, अरुण सिंह, सुनील सिंह, आयुष वर्मा, शशि कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वहीं आयोजन में सहयोग देने वालों में मिश्रीलाल गुप्ता, बनारसी गुप्ता, बनारसी लाल गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गुप्ता सहित अनेक सेवाभावी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे रहे।

# अयोध्या में ज्येष्ठ माह के चौथे मंगल पर रामलला प्रॉपर्टीज द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में ज्येष्ठ मास के चौथे मंगल के पावन अवसर पर भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सकेतपुरी क्षेत्र में रामलाल प्रॉपर्टीज द्वारा एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें अयोध्या दर्शन को आए हजारों रामभक्तों को पूड़ी, सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन के संयोजक रामलाल प्रॉपर्टीज के प्रोपराइटर अमरेश मिश्रा एवं अभय मिश्रा ने बताया कि बड़े मंगल के शुभ दिन पर अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से यह भंडारा आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन रामभक्तों की श्रद्धा और अयोध्या की परंपरागत भक्ति भावना को समर्पित है। भंडारे के सफल आयोजन में कई प्रमुख लोगों ने अपना सहयोग दिया, जिनमें अभय मिश्रा, उमेश गुप्ता, अमित, अर्जुन यादव, अवध बिहारी साहू, साई विपनेश पाण्डेय, आनन्द शुक्ला और अनिल गुप्ता शामिल रहे। भक्तों की भारी उपस्थिति के बीच भंडारे में प्रसाद वितरण का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन स्थल पर भक्तों ने भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

# बड़े मंगल पर सुरेश यादव ने विधानसभा अयोध्या के कई प्रमुख स्थानों पर भंडारे का किया शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव की लोकप्रियता में लगातार वृद्धि हो रही है। मंगलवार को बड़े मंगल के पावन अवसर पर उन्होंने अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भंडारे का विधिवत शुभारंभ किया। सुरेश यादव ने नया घाट, तिहुरा माझा, टेढ़ी बाजार, पूरा बाजार, दर्शन नगर, देवकली, सिविल लाइन सहित अनेक स्थलों पर जाकर भंडारों में भाग लिया और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण में सहभागिता निभाई। उनके साथ संस्था के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। मीडिया से बातचीत में सुरेश यादव ने कहा,समाजसेवी संस्था निरंतर सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय है। हमारी प्राथमिकता हमेशा जनसेवा रही है और आगे भी समाजहित में कार्य करते रहेंगे। बड़े मंगल जैसे अवसर सामाजिक एकता और सेवा के लिए प्रेरणादायक हैं।'' उन्हों ने यह भी बताया कि संस्था विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और मानवीय गतिविधियों में अपनी भागीदारी लगातार निभा रही है, जिससे समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचे। स्थानीय जनसमुदाय ने भी सुरेश यादव के प्रयासों की सराहना की और भंडारे के माध्यम से किए जा रहे सेवा कार्य को सराहा।

## अयोध्या के बागी मंदिर में बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में बड़े मंगल के पावन अवसर पर धार्मिक उत्साह और जनसेवा की अनुपम मिसाल देखने को मिली। अयोध्या स्थित बागी मंदिर में समाजसेवी विकास श्रीवास्तव के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो सुबह से प्रारंभ होकर देर रात तक चला। इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक वातावरण में डूबे रहे। विकास श्रीवास्तव अयोध्या में अपने समाज सेवा के कार्यों के लिए विशेष रूप से पहचाने जाते हैं, और इस आयोजन के माध्यम से उन्होंने एक बार फिर जनसेवा की मिसाल पेश की। पूरे दिन भंडारे में भक्तों की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं के लिए बैठने, खाने और प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी को सुगमता से सेवा प्राप्त हो सकी। इस अवसर पर स्थानीय जनता के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भी भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आज चार घंटे बाधित रहेगी नौ बिजली घरों की सप्लाई

पलियाकलां खीरी। गुरुवार को विद्युत विभाग का काम चलने के कारण पलिया सहित नौ बिजली घरों में सुबह नौ से एक बजे तक चार घंटे बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इस सम्बन्ध में बिजली विभाग के द्वारा सूचना जारी कर उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है। जानकारी देते हुए 132 ट्रांसमिशन जेई संत राम वर्मा ने बताया कि विभागीय कार्य करने के कारण पांच जून की सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक पलिया टाउन, पलिया ग्रामीण, मझगई, बनकटी, दुधवा, भीरा, बिजुआ, सम्पूर्णानगर, महंगापुर एसएसबी गदनिया सहित सभी उपकेंद्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि गुरुवार को काम पूरा कर लिया जाएगा जिसके बाद से उपभोक्ताओं को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### फरार आरोपी के घर पहुंची पुलिस, नोटिस चस्पा



पलियाकलां खीरी। लंबे समय से मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी के घर पहुंची पुलिस ने संपत्ति कुर्क किए जाने से संबंधित नोटिस चस्पा की। पलिया थाने में मुकदमा पंजीकृत संख्या 44/22 धारा 419 420 467 468 471 में आरोपी वीरपाल सिंह पुत्र हरचंद सिंह निवासी विक्रम लगातार फरार चल रहा चल रहा है। फरार आरोपी के संबंध में न्यायालय से धारा 82 सीआरपीसी के तहत आरोपी की संपत्ति को कुर्की किए जाने का आदेश दिया गया था। आदेश के बाद पहुंची पुलिस ने आरोपी के घर नोटिस चस्पा करने की कार्रवाई को अंजाम दिया। नोटिस में माह की पांच तारीख तक न्यायालय के समक्ष हाजिर होने की जानकारी दी गई है। हाजिर न होने पर आरोपी की चल अचल संपत्ति को कुर्की किए जाने की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

### एक पेड़ माँ के नाम : लखीमपुर में पर्यावरण दिवस पर विशेष अभियान

लखीमपुर खीरी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलेभर में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से शुरू किए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के सम्मान से जोड़ना है, जिससे जनमानस में प्रकृति के प्रति आत्मीयता और ज़िम्मेदारी का भाव विकसित हो। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और पारिवारिक भावनाओं से भी गहराई से जुड़ा है। डीएम ने उम्मीद जताई कि जनसहभागिता से यह अभियान एक जनांदोलन का रूप लेगा। सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें और अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फलदार और उपयोगी पौधों जैसे आम, अमरूद, नींबू, बेल और सहजन को प्राथमिकता दी जाए और इन्हें ऐसे स्थलों पर रोपा जाए जहाँ जल स्रोत की सुविधा और देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित हो। सीडीओ ने यह भी कहा कि अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से पर्यावरण के प्रति समाज में संवेदनशीलता और सतत सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। स्कूलों, तालाबों, पंचायत भवनों, शहरी क्षेत्रों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण कर इसे व्यापक बनाया जाएगा। ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान एक नई सोच, नई संवेदना और स्थायी पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित विरासत छोड़ने की दिशा में अहम कदम बन सकता है।

### देवकली मेडिकल कॉलेज में होगा प्रमुख पौधरोपण कार्यक्रम

विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून) पर ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवकली में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में'' विषय वस्तु पर परिचर्चा की जाएगी। आयोजन का उद्देश्य हरियाली को बढ़ावा देना और प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जनजागरण है।

# जनकल्याण समिति लखनऊ में मनाया गया चौथे बड़े मंगलवार पर विशाल भंडारा व शतायु जन्म दिवस



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। गोमतीनगर जनकल्याण समिति की विराम खण्ड-5, उपसमिति, लखनऊ ने चौथे बड़े मंगलवार को हनुमान मंदिर, वसंती पार्क, जीवन प्लाजा आदि जगहों पर भंडारा का आयोजन किया। इस अवसर पर लोगों में आपसी भाईचारे और बजरंगबली में आस्था को दर्शाया गया और गरीब तबके के लोगों को प्रसाद के रूप में अच्छा खाना उपलब्ध कराया गया। यह आयोजन भारतीय परम्परा का एक जीता-जागता उदाहरण है। इसके अलावा, विराम खण्ड-5 के श्री विजय कुमार चोपड़ा की पूज्य एवं वंदनीय



माताजी श्रीमती पुष्पा चोपड़ा को उनके 100वें जन्मदिन, 3 जून 2025 पर बधाई दी गई और इस शुभ अवसर पर उनका हृदय से शतायु आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। यह महत्वपूर्ण जन्मदिन उनकी स्थायी भावना और विरासत का प्रमाण है।

इसी दिन विजय कुमार श्रीवास्तव के घर पर सुन्दर पाठ के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। यहाँ यह भी बताना आवश्यक है कि समिति की पिछली बैठक जो 27 अप्रैल 2025 को श्री रवी अग्रवाल जी के घर पर आयोजित हुई थी, जिसमें अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह, सचिव अरुण त्रिवेदी, डॉ. आर.पी. शर्मा, इंजी. विजय चोपड़ा, रवी अग्रवाल आदि के साथ पार्षद श्री अरुण तिवारी जी भी उपस्थित हुए थे और विराम-5 की मुख्य समस्याओं जैसे जीवन प्लाजा में पार्किंग न होने से तथा राम भुवन के सम्मुख ठेलों के अतिक्रमण आदि से सड़क पर आने-जाने में अवरोध उत्पन्न होता था। समिति पार्षद को उनके तात्कालिक कार्यवाही के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करती है।

# सजग व जागरूक बालिकाएं सामाजिक उन्नयन की आधार स्तम्भ: पंकज त्रिपाठी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पलियाकलां खीरी। जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में स्कूल शिक्षा महानिदेशक लखनऊ के निर्देशानुसार बीस दिवसीय समर कैम्प में कार्यव्रत के अनुसार प्रतिभागी छात्राओं को पलिया कोतवाली का भृमण कराया गया। कोतवाली प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सजग व जागरूक छात्राएं सामाजिक उन्नयन की आधार स्तम्भ है। उन्होंने छात्राओं को पुलिस कार्य पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। अपराध निरीक्षक दिनेश तिवारी ने पुलिस मित्र, होमगार्ड, कान्सटेबिल, दिवान, उपनिरीक्षक व पुलिस में निरीक्षक तक की भूमिका को बखूबी बताया। महिला उपनिरीक्षक निशा मिश्रा ने महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना, शस्त्रगार के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। बाद में कोतवाली की तरफ से समस्त विद्यालय परिवार का जलपान कराया गया। सभी छात्राएं स्वयं में प्रफुल्लित थीं। इस अवसर पर उपनिरीक्षक जयनरायण यादव, शैलेन्द्र कुमार सिंह, आदित्य सिंह, चंद्रप्रभा सिंह, नीलम कश्यप, गोल्डी व अतुल सिंह कोतवाली कर्मी उपस्थित रहे।

# जन्मभूमि मंदिर में राजा राम दरबार व अन्य मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का चल रहा अनुष्ठान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में राजा राम दरबार और साथ में अन्य मंदिरों की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दूसरे दिन भी बुधवार को विधिविधान के साथ कार्य शुरू हुये। मन्दिरों और यज्ञशाला में देवताओं का पूजन, अन्नाधिवास, हवन, देव स्नान, प्रसाद स्नान, शिखर स्नान, नगर भ्रमण व शैय्या अधिवास व न्यास का पूजन शुरू है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान मंगलवार से वैदिक विधिविधान से चल रहा है। परिसर की यज्ञशाला में सुबह 6:30 बजे से पूजा-अनुष्ठान हुए हैं, जिसमें 1975 मंत्रों के साथ अग्नि देवता को आहुति दी जा रही है। इसके साथ ही रामरक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना सहित परकोटे में स्थित छह अन्य मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान चल रहा है। यह समारोह 5 जून को गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर पूर्ण होगा। ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्य करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य प्राण प्रतिष्ठा 5 जून को अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11:25 से 11:40 बजे के बीच होगा।राम दरबार में (श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी) की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ छह अन्य मंदिरों में देव प्रतिमाओं की स्थापना हो रही है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत, एक घायल

**मीरजापुर।** वाराणसी-मीरजापुर एनएच-35 पर मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा चुनार कोतवाली क्षेत्र के पीरल्लीपुर पावर हाउस के पास टर्निंग पर हुआ, जहां एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। भेड़ी गांव निवासी 55 वर्षीय राजाराम यादव पुत्र स्व. रामदेव यादव व 45 वर्षीय सुरेश पटेल सोनउर गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। टर्निंग पर बाइक मोड़ते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे राजाराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना राहगीरों और स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सुरेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मृतक और घायल के परिजनों को भी तत्काल सूचना दी गई, जो अस्पताल पहुंच गए। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत निस्तारण के मामले में माधौगढ़ तहसील को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जालौन। जनसुनवाई के मामले में जनपद जालौन के माधौगढ़ तहसील ने मारी बाजी, प्रदेश में माधोगढ़ तहसील को प्रथम स्थान मिला है। बता दें कि माधौगढ़ तहसील ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में तहसील माधौगढ़ में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने पर तहसील कर्मियों में खुशी की लहर देखने को मिली है। एसडीएम माधौगढ़ मनोज कुमार सिंह ने जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया करते थे। जनसुनवाई पोर्टल के कार्यों की मॉनिटरिंग की जाती है। एसडीएम ने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को तहसील कार्यालय को ऑनलाइन भेजा जाता है। प्राप्त संदर्भ की जांच ऑनलाइन दिए गए समय के अनुसार संबंधित को भेज दी जाती है। शिकायत करने वाले व्यक्ति कार्रवाई से संतुष्ट है कि नहीं जानकारी भी ली जाती है। जिससे कि की गई जांच की गुणवत्ता को जाना जा सके। प्रदेश में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का राज्यस्तरीय मूल्यांकन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश में माधौगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि तहसील में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा रहा है। इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में माधौगढ़ तहसील नंबर वन बनी। अधिकारियों की कार्यशैली के चलते माधौगढ़ को प्रथम स्थान मिला है।

# पुलिस की गिरफ्त से 54 दिन बाद भी आईपीएल के 11 सटोरियें दूर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। आईपीएल मैच का मंगलवार रात्रि में फाइनल मैच के साथ समापन हो गया, लेकिन जिले में 54 दिनों से फरार चल रहे सटोरिये गिरोह के 11 आरोपित आज भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। मामले में नौ आरोपितों को बीती 12 अप्रैल को मौके से गिरफ्तार किया था। एक आरोपित को बाद में दबोचा गया था। जबकि अभी भी 11 आरोपित फरार हैं और उनकी तलाश में टीमें लगी हुई हैं। कोतवाली क्षेत्र में जीएमडी रोड पर जवाहर मार्केट निवासी कौशल कपूर का पीटीसी के पास फ्लैट में बीती 12 अप्रैल की देर रात्रि सिविल लाइंस पुलिस छापा मारा था। पुलिस ने मौके से दीनदयाल नगर निवासी सुशील उर्फ सुरेंद्र पुत्र चंद्रपाल, रामगंगा विहार निवासी अभिनव पुत्र महेंद्र सिंह, सदर कोतवाली क्षेत्र के जीएमडी रोड जवाहर मार्केट निवासी कौशल कपूर पुत्र हृदय नारायण कपूर, सदर कोतवाली के आबकारी भवन के पास रहने वाले विपुल पुत्र मनोहर, थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार शंकर नगर निवासी मनोज अरोड़ा पुत्र रविकांत अरोड़ा, थाना मझोला के मिलन विहार निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र बृजपाल सिंह, थाना सिविल लाइन के आकाश मेघदूतम निवासी रोहित गुप्ता पुत्र चंद्रकांत गुप्ता, थाना सिविल लाइन के दीनदयाल नगर निवासी हेमंत कुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह, थाना नागफनी क्षेत्र के किसरौल ख्वाजा निवासी मोहम्मद शहजादे सलीम पुत्र मोहम्मद नईम कुल नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया था। मौके से 11 मोबाइल, एलईडी स्क्रीन, एक पिस्टल, एक रिवाल्वर, 27 कारतूस और 1.46 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई थी। पुलिस ने मौके से पकड़े गए नौ आरोपितों के अलावा 12 अन्य आरोपित अमित नागपाल, राजदीप टंडन, कमलदीप टंडन, मुकुल गोटेवाला, आशु रस्तोगी, विशाल डूडेजा, साहिल गुप्ता, सुमित उर्फ सन्नी सेठी, टीटू उर्फ दीपक गगनेजा, विक्की छाबड़ा और कमल छाबड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने एक और आरोपित साहिल गुप्ता को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने पांच फर्जी आधार कार्ड बरामद किए थे। इसके बाद अभी तक 11 आरोपित पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बुधवार को बताया कि आईपीएल सट्टा गिरोह में शामिल फरार 11 आरोपितों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से भट्ठा मजदूर की दर्दनाक मौत, ग्रामीणों ने घंटों किया हाईवे जाम

**बिजनौर।** ईट के भट्टे पर जा रहें मजदूर की उस समय दर्दनाक मौत हो गई जब कोई अज्ञात वाहन उसे जोरदार टक्कर मार गया। परिजनों व आसपास के लोगों ने घटनास्थल पर नहटौर नूरपुर हाइवे पर घण्टों जाम लगाते हुए दोषी की गिरफ्तारी की मांग की, मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने किसी तरह भीड़ को शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना बुधवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे की है।

## 8 साल से नहीं हुआ चुनाव, आक्रोशित हुए पुरोहित, बोले- परिवार सहित देंगे धरना

**मीरजापुर।** विंध्याचल धाम में आस्था की सेवा में जुटे पंडा समाज के भीतर अब असंतोष की ज्वाला धधकने लगी है। 1953 में स्थापित विंध्य पंडा समाज के चुनाव बीते आठ वर्षों से नहीं हुए, जिससे समाज के पुरोहितों में जबरदस्त नाराजगी है। पूर्व अध्यक्ष भगवान दतपाठक ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर जल्द चुनाव नहीं कराए गए तो हम अपने परिवार सहित शांति पूर्ण धरना देंगे। राजन पाठक का कहना है कि पंडा समाज में हर दो साल में चुनाव होते थे, जिससे मंदिर की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनी रहती थी। लेकिन पिछले आठ साल से चुनाव पर ''राजनीतिक ताला'' लग गया है। उन्होंने इस मामले को आईजीआरएस के माध्यम से जिला प्रशासन के पास उठाया है। प्रशासन का कहना है कि मामला उच्च न्यायालय में है, जहां से चुनाव की अनुमति के लिए अदेय प्रमाण पत्र और निर्विवाद वोटर लिस्ट की शर्त रखी गई है। लेकिन विंध्य विकास परिषद के अनुसार, अभी तक ये दस्तावेज समाज की ओर से प्राप्त नहीं हुए हैं, जिसके चलते चुनाव नहीं हो पा रहा। पूर्व अध्यक्ष राजन पाठक ने तीखा सवाल उठाया कि जब विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी ही अदेय प्रमाण पत्र देता है, तो मतदाता से यह क्यों मांगा जा रहा है? उन्होंने दावा किया कि निर्विवाद वोटर लिस्ट पहले ही दे दी गई है, लेकिन प्रशासन जानबूझकर टालमटोल कर रहा है। आक्रोशित पुरोहितों ने अब आर-पार की लड़ाई का मूड बना लिया है। यदि जल्द चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो वे परिवार सहित शांतिपूर्ण धरने पर बैठेंगे, जिससे प्रशासन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ईमेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज लखनऊ,(उप्र)


# अमेठी में युवक की नृशंस हत्या, जांच में जुटी पुलिस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अमेठी। जिले में संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की सुबह एक युवक का शव घर के पास स्थित खाली पड़े सरिया एवं पशुपालन गृह में मिला है। मृतक बीती रात घर की छत पर सोया था। मृतक युवक के हाथ पैर रस्सी से बांधे मिले हैं और गला रेतकर हत्या की गई है। पुलिस ने फॉरेंसिक के साथ साक्ष्य संकलन करते हुए शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में शुरू कर दी है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे रामा चौहान मजरे पुन्नपुर गांव निवासी सिद्धार्थ कोरी का पुत्र सागर कोरी (23) का शव आज सुबह घर से 100 मीटर दूर रविंद्र सिंह के बंद पड़े सरिया एवं पशुपालन गृह में मिला है। मृतक के हाथ पैर रस्सी से बांधे गए थे। उसकी गला रेतकर हत्या की गई है। जांच में उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान और फैक्चर मिले हैं। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि जहां पर लाश मिली है वहां पर खून का कोई निशान मौजूद नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि युवक की हत्या कहीं और करने के बाद लाश को फेंका गया है। जहां पर लाश मिली है वह जगह 15 सालों से बंद पड़ी है। सीओ ने बताया कि पूछताछ में परिजनों ने बताया कि बेटा बीती शाम घर की छत पर सोने गया था। आज सुबह उसे मां का इलाज करने के लिए उन्हें साथ लेकर जाना था। सुबह जब घर वाले छत पर गए तो बेटा सागर वहां पर नहीं मिला। परिजनों ने खोजबीन की तो कुछ दूर पर स्थित बंद जगह पर उसका रक्तरंजित शव मिला है। परिजनों ने किसी से कोई दुश्मनी न होने की बात कही है। ऐसे में शक की सुई प्रेम प्रसंग की ओर इशारा कर रही है। फिलहाल गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। स्थानीय थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। मृतक के परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निजी वाहनों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर परिवहन विभाग ने वसूला जुर्माना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जालौन। जिले में निजी वाहनों के व्यावसायिक इस्तेमाल के खिलाफ परिवहन विभाग ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) सुरेश कुमार ने बुधवार को बताया कि 16 मई 2025 को जारी निर्देशों के अनुपालन मे एक जून से 15 जून 2025 तक यह अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जालौन के प्रवर्तन दल ने निजी वाहनों का व्यावसायिक वाहन के रूप में प्रयोग करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की है। टीम ने चार ट्रैक्टर, चार ई-रिक्शा और दो वैन के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की, जिससे शमन शुल्क के रूप में कुल 1.62 लाख रुपये वसूले गए हैं। परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार ने स्पष्ट किया कि ऐसे निजी वाहनों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जो व्यावसायिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाएंगे। उन्होंने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और निजी वाहनों का प्रयोग केवल व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# महेश नवमी पर्व पर निकली भव्य कलश यात्रा, आयुष मंत्री 'दयालु' भी हुए शामिल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। माहेश्वरी समाज ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के वंशपति दिवस महेश नवमी पर बुधवार को दशाश्वमेध घाट से भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में महिलाएं और पुरुष पारंपरिक परिधानों में शामिल हुए। कलश में गंगा जल भरकर सिर पर रखकर माहेश्वरी समाज के लोग दशाश्वमेध घाट से गोदौलिया, बांसफाटक होते हुए कोतवालपुरा से श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे, जहां सभी ने बाबा के पावन ज्योर्तिलंग का अभिषेक किया। श्री काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक कर लोगों ने समाज और देश में खुशहाली की कामना की। कलश यात्रा में प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' भी पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। इसके पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम दशाश्वमेध घाट पर समाज के लोगों ने ब्राह्मणों की देखरेख में कलश में गंगाजल दूध एवं पुष्प रख भगवान महेश की स्तुति की। इसके बाद हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय, हर-हर बम-बम का उद्घोष किया। कार्यक्रम के प्रचार मंत्री गौरव राठी ने बताया कि माहेश्वरी समाज ने अपने कार्यों से देश और दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। आज ही के दिन माहेश्वरी कूल की उत्पत्ति हुई थी। समाज के घरों में भी महेश नवमी पर्व मनाई जा रही है। महमूरगंज स्थित माहेश्वरी भवन में सायंकाल भगवान महेश की पूजा अर्चना होगी। माहेश्वरी समाज के वंशपति दिवस महेश नवमी पर निकली कलश यात्रा में शामिल होने पर प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने खुशी जाहिर की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा 'मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि महेश नवमी के पावन अवसर पर वाराणसी में महेश्वरी परिषद की ओर से आयोजित भव्य 'शोभा यात्रा' में सहभागी होने का अवसर प्राप्त हुआ'। यह अनुभव न केवल आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने वाला रहा, बल्कि समाज के प्रति जुड़ाव और एकता की भावना को भी और प्रबल करने वाला सिद्ध हुआ। मैं माहेश्वरी परिषद वाराणसी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

# काशी में गणेश जी को समर्पित है गणेश घाट गंगा किनारे अमृतराव पेशवा ने कराया था निर्माण

■ 'मूंगा गणेश' के नाम से जाने जाते हैं घाट पर स्थित अमृत विनायक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। धर्म नगरी काशी में मां गंगा नदी के किनारे बने 84 घाटों की श्रृंखला में एक घाट गणेश घाट प्रथम पूज्य भगवान गणेश को समर्पित है। गणेश घाट पर नमामि गंगे के सदस्यों ने बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाने के बाद घाट पर मौजूद लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

नमामि गंगे के काशी क्षेत्र संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि काशी में गंगा तट के साथ ही भगवान शिव-पार्वती के परिवार की भी प्रमुखता से मान्यता है। इसी कारण से प्रथम पूज्य गणेश को भी समर्पित एक घाट 84 प्रमुख घाटों में अपना स्थान रखता है। गंगा की अनंत और अनगिन कथाओं के पात्रों की जीवंतता इसके घाटों पर भी नजर आती हैं। वाराणसी इस मामले में काफी अनोखा है, क्योंकि यहां 84 प्रमुख घाटों के क्रम में कई प्रमुख पात्रों को सम्मान ही नहीं विशिष्ट पहचान भी दी गई है। उन्होंने बताया कि घाट पर भगवान गणेश की मूर्ति और उनका आसन एक दुर्लभ संगमरमर से बना है। मूर्ति के अद्भुत रंग के कारण ही वाराणसी और आसपास के इलाकों के लोगों का मानना ??था कि मूर्ति मूंगा से बनी है। तब से मूर्ति को 'मूंगा गणेश' के नाम से जाना जाता है। वैसे स्थापित गणेश जी का नाम अमृत विनायक रखा गया था। 18वीं सदी के पूवार्द्ध में पूणे के अमृतराव पेशवा ने तब कच्चे और अग्निश्वर और रामघाट के एक हिस्से का पक्का निर्माण कराया और इसे नई पहचान दी। उनकी ओर से ही यहां अमृत विनायक मंदिर सहित कई अन्य वैभवशाली निर्माण कराए गए। घाट पर ही गणेश जी का प्राचीन मंदिर स्थापित होने की वजह से ही कालांतर में घाट का नाम गणेश घाट ही पड़ गया। घाट पर गंगा दशहरा, भाद्र माह शुक्ल चतुर्थी और कार्तिक पूर्णिमा के साथ गणेश चतुर्थी आदि को स्नान करने पर विशेष पुण्य की मान्यता रही है। इन मौकों पर स्नान ध्यान के बाद गणेश मंदिर में दर्शन पूजन की विशेष मान्यता है। देवों में प्रथम होने की वजह से गणेश घाट की मान्यता विशेष तौर पर है। साथ ही गंगा और भगवान गणेश से जुड़े सभी प्रमुख आयोजन घाट और मंदिर पर किए जाते हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र के लोगों की आस्था भी इस घाट और मंदिर के प्रति काफी है। राजेश शुक्ला ने बताया कि गणेश घाट की गुलेरिया कोठी पेशवाओं की शान का भी आभास कराती है। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आज गणेश घाट पर गणेश मंदिर अपनी आस्था का केन्द्र बना हुआ है। पूर्वजों की ओर से घाटों पर निर्धारित रीति-रिवाजों का आज भी पालन किया जा रहा है।

# एक ऐसा सीजन जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा : विराट कोहली

एजेंसी

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 18 साल के इंतजार को खत्म करते हुए अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीत लिया है। आईपीएल 2025 के फाइनल में टीम ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की। जीत के बाद विराट कोहली ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर ट्रॉफी के साथ कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए इमोशनल पोस्ट लिखा- इस टीम ने सपने को संभव बनाया, एक ऐसा सीजन जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। हमने पिछले 2.5 महीनों में इस सफर का भरपूर आनंद लिया है।



यह आरसीबी के प्रशंसकों के लिए है जिन्होंने सबसे बुरे समय में भी हमारा साथ नहीं छोड़ा। यह उन सभी वर्षों के दिल टूटने और निराशा के लिए है। यह इस टीम के लिए मैदान पर खेलने के लिए किए गए हर प्रयास के लिए है। कोहली ने आगे लिखा कि जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है- आपने मुझे आपको उठाने और जश्न मनाने के लिए 18 साल इंतजार करवाया है, मेरे दोस्त, लेकिन यह इंतजार बिल्कुल सार्थक रहा।

### कोहली ने टेस्ट के प्रति फिर दिखाया प्यार, युवाओं से इस प्रारूप के सम्मान का आग्रह

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के बाद टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली बहुत भावुक नजर आए। विराट आईपीएल की शुरुआत से इस फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं, लेकिन अब जाकर उन्हें आईपीएल ट्रॉफी को उठाने का मौका मिला है। ऐसे में जीत के बाद विराट अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और बहुत इमोशनल हो गए। हालांकि आईपीएल ट्रॉफी जीत के जश्न के बीच उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना प्यार एक बार फिर जाहिर किया। मैच के बाद मैथ्यू हेडन के साथ बातचीत के दौरान विराट ने कहा कि यह पल मेरे करियर के सबसे बेहतरीन पलों में से एक है लेकिन यह अभी भी टेस्ट क्रिकेट से पांच स्तर नीचे है। यही कारण है कि उन्हें टेस्ट क्रिकेट से इतना प्यार है और यही कारण है कि वह टेस्ट क्रिकेट को इतना महत्व देते हैं।

# नॉर्वे शतरंज 2025 राउंड 8: हिकारू ने गुकेश को दी मात, कोनेरू हम्पी महिला वर्ग में आगे

एजेंसी

स्टावेंगर (नॉर्वे)। नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस राउंड का सबसे चर्चित मैच विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा के बीच खेला गया, जिसमें नाकामुरा ने जीत दर्ज की। शुरुआत से ही हिकारू नाकामुरा ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए गुकेश को दबाव में ला दिया। पिछले दो राउंड में जबरदस्त बचाव करने वाले गुकेश इस बार नाकामुरा के हमलों के आगे टिक नहीं सके और उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से नाकामुरा को पूरे तीन अंक मिले। एक और अहम मुकाबले में भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी की फबियानो कारुआना से लंबी और कठिन जंग चली। एंडगेम में कारुआना थोड़े



बेहतर स्थिति में दिखे, लेकिन समय के दबाव में उन्होंने एक निर्णायक चूक कर दी। एरिगैसी ने इसका फायदा उठाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया और तीन अंक हासिल किए। दिन का अंतिम मुकाबला चीन के वेई यी और विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के बीच खेला गया, जो नियमित समय में बिना किसी खास हलचल के ड्रॉ पर समाप्त हुआ। हालांकि, आर्मगेडन मुकाबले में वेई यी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक अंक हासिल किए। महिला वर्ग में भी आठवें राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारत की अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने ईरान की सारा खादेम के खिलाफ जटिल स्थिति से बाजी को अपने पक्ष में मोड़ा। खुलेपन से ही हम्पी ने जटिल पोजिशन तैयार की और इसे सटीक अंदाज में जीत में बदल दिया। हालांकि, समय की कमी के चलते उन्होंने एक गंभीर चूक की, जिससे सारा खादेम के पास वापसी का मौका था लेकिन उस मौके को भुनाने में असफल रहीं और हम्पी ने तीन अंक पक्के किए। बाकी दो मुकाबले—अन्ना मुजिचुक बनाम लेई टिंगजी और आर. वैशाली बनाम जू वेनजुन मैच नियमित खेल में जल्दी ही ड्रॉ पर समाप्त हुए। हालांकि, आर्मगेडन गेम में अन्ना मुजिचुक और वैशाली ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए अतिरिक्त अंक हासिल किए।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल 2025 में हार के बावजूद पंजाब किंग्स के प्रदर्शन से संतुष्ट कोच रिकी पोंटिंग

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से 6 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने टीम के समग्र प्रदर्शन की सराहना की। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम ने पहले गेंदबाजी करते हुए आरसीबी को नौ विकेट पर 190 पर रोक दिया था। टीम के लिए अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन मध्यक्रम उस लय को बरकरार नहीं रख सका और टीम लक्ष्य से महज 6 रन पीछे रह गई। आखिरी ओवरों में शशांक सिंह ने शानदार प्रयास करते हुए 30 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिकी पोंटिंग ने कहा कि जिस अंदाज में हमने इस पूरे सीजन में क्रिकेट खेला है, वह काफी मनोरंजक रहा है। एक कोच के तौर पर जब आप अपनी टीम के बारे में ऐसा कह सकते हैं, तो ये गर्व की बात है। हो सकता है कि आज हमारी युवा मिडिल ऑर्डर की थोड़ी अनुभवहीनता हार का कारण बनी हो, लेकिन मैं जानता हूं कि प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और नेहाल वढेरा जैसे खिलाड़ी भविष्य में हमें कई मैच जिताएंगे। पोंटिंग ने हार का ठीकरा पिच या हालात पर नहीं फोड़ा। उन्होंने कहा कि हम कोई बहाना नहीं बना रहे हैं। शशांक सिंह ने खुद कहा कि यह पिच पूरे सीजन की सबसे बेहतरीन पिच थी। बस हमने पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ी रफ्तार खो दी और कुछ अहम विकेट गंवा दिए। 11 साल बाद फाइनल खेली पंजाब की टीम, अगला सीजन होगा और बेहतरपंजाब किंग्स ने 11 साल के लंबे इंतजार के बाद आईपीएल फाइनल में जगह बनाई थी। इस उपलब्धि को लेकर पोंटिंग ने कहा, ''कुछ दिन पहले ही हम इस मैदान पर अपनी एक शानदार जीत का जश्न मना रहे थे, जिसने हमें फाइनल में पहुंचाया। आज हम थोड़ा मायूस हैं। लेकिन ये टीम काफी युवा है और हम अगले सीजन में और भी मजबूत होकर लौटेंगे। 'टीम में लाया गया है नया कल्चर' पोंटिंग ने टीम की मानसिकता और कार्यशैली में बदलाव लाने को भी अपनी उपलब्धि बताया।

### आईपीएल 2025 में दिल्ली को बड़ी उपलब्धि, अरुण जेटली स्टेडियम को मिला 'बेस्ट पिच एंड ग्राउंड' अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सफल आयोजन के बाद दिल्ली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) को बड़ी उपलब्धि मिली है। बीसीसीआई (बीसीसीआई) ने अरुण जेटली स्टेडियम को 'बेस्ट पिच एंड ग्राउंड' अवॉर्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान पिच की गुणवत्ता, आउटफील्ड की देखरेख और संपूर्ण ग्राउंड प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए दिया गया है। इस पुरस्कार के जरिए आईपीएल 2025 के दौरान ग्राउंड स्टाफ द्वारा किए गए शानदार कार्य को मान्यता मिली है। पूरे टूर्नामेंट में अरुण जेटली स्टेडियम ने खिलाड़ियों को न केवल प्रतिस्पर्धात्मक विकेट प्रदान किया, बल्कि दर्शकों को भी बेहतरीन अनुभव दिया। इस अवसर पर डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, यह अवॉर्ड हमारे क्यूरेटर, स्टाफ और प्रबंधन की अथक मेहनत का परिणाम है। हम क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डीडीसीए की उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने कहा, यह सम्मान हमारे उस विज़न को मान्यता देता है जिसमें हम अरुण जेटली स्टेडियम को एक वर्ल्ड-क्लास क्रिकेट वेन्यू बनाना चाहते हैं। यह दिल्ली क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है। सचिव अशोक शर्मा ने कहा, हर शानदार मैच के पीछे एक मेहनती टीम होती है जो दिन-रात काम करती है। यह अवॉर्ड उसी जुनून और प्रोफ़ेशनलिज्म का प्रतीक है। संयुक्त सचिव अमित ग्रोवर ने कहा, इस सम्मान से हम बेहद उत्साहित हैं। यह हमें खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए और बेहतर सुविधाएं विकसित करने के लिए प्रेरित करता है। कोषाध्यक्ष हरीश सिंगला ने कहा, यह उपलब्धि न केवल हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और योजनाबद्धता का भी प्रमाण है। डीडीसीए ने बीसीसीआई और सभी हितधारकों का आभार व्यक्त किया है और भविष्य में और भी विश्व स्तरीय क्रिकेट की मेजबानी करने की उम्मीद जताई है। यह सम्मान न केवल दिल्ली की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है, बल्कि क्रिकेट के विकास में डीडीसीए के समर्पण को भी दर्शाता है।

### कैट, मेटा ने 25,000 महिला कारोबारियों को डिजिटल प्रशिक्षण के लिए हाथ मिलाया

**नयी दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों का शीर्ष संगठन कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा ने व्हाट्सएप बिजनेस ऐप का उपयोग करके देशभर में 25,000 महिला व्यापारियों को डिजिटल कौशल से लैस करने के लिए पहल शुरू की है। 'व्यापार सखी' का पहला चरण जून से नवंबर, 2025 तक चलेगा। इसमें कई भारतीय भाषाओं में व्यक्तिगत प्रशिक्षण प्रदान किये जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक विश्वसनीय ऑनलाइन उपस्थिति बनाने, उत्पादों को प्रदर्शित करने, स्वचालित संदेश तैयार करने और व्हाट्सएप पर विज्ञापन चलाने में मदद करना है। एक बयान के अनुसार, कैट की महिला इकाई प्रशिक्षण का नेतृत्व करेगी। मेटा इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रमुख (सार्वजनिक नीति) शिवंत ठुकराल ने कहा, ''भारत में लाखों महिलाओं की अगुवाई वाले कारोबार हैं और उन्हें सशक्त बनाना न केवल उपयुक्त है बल्कि यह हमारे देश की विशाल उद्यमशीलता क्षमता को उजागर करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि देशभर में महिलाओं को, विशेष रूप से मझोले और छोटे शहरों में, व्हाट्सएप की क्षमता के पूरी तरह से उपयोग करने के लिए सही डिजिटल कौशल और ज्ञान देने से न केवल उन्हें अपने कारोबार को बढ़ाने में मदद मिलेगी, बल्कि यह उन्हें अपने समुदायों को बेहतर समर्थन और लाभ पहुंचाने में भी सक्षम बनाएगा।

### राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता आशीष सिंह को डीएम ने किया सम्मानित

मुरादाबाद। राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने वाले मुरादाबाद के आशीष सिंह को बधुवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अपने कार्यालय में मेडल पहनाकर सम्मानित किया। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि आशीष सिंह ने उप्र के साथ मुरादाबाद का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता 29 मई से 2 जून तक देहरादून में आयोजित हुई थी। आशीष सिंह शहर के उभरते हुए ताइक्वांडो के जाबाज़ खिलाड़ी है। आशीष का चयन एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के कैंप में हो गया है जो अगले माह नाशिक में आयोजित होने वाला है। इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारी सहित केशव थापा, सुमित शर्मा, शोभित भारद्वाज, अरविंद सिंह, संदीप कुमार, शिप्रा सिंह, रोहित कुमार आदि ने आशीष सिंह का स्वागत कर शुभकामनाएं दी।

# भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में थाईलैंड के खिलाफ करेगी अपने अभियान की शुरुआत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी। यह टूर्नामेंट 5 से 14 सितंबर के बीच चीन के हांगझोऊ में होगा। भारत को पूल-बी में रखा गया है, जिसमें गत चैंपियन जापान, थाईलैंड और सिंगापुर की टीमें भी शामिल हैं। पूल-ए में मेचबान चीन के साथ कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपे की टीमें शामिल हैं।

टीम इंडिया पिछली बार ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रही थी, लेकिन इस बार उसकी निगाहें स्वर्ण पदक पर होंगी। खास बात यह है कि एशिया कप का खिताब जीतने वाली टीम को 2026 महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए सीधी क्वालिफिकेशन मिलेगी, जो टूर्नामेंट



की अहमियत को और भी बढ़ा देता है। हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, ''हम एशिया कप अभियान को लेकर बेहद उत्साहित हैं। जापान जैसी मजबूत टीम के साथ पूल में होना हमारे कौशल और मानसिक मजबूती की परीक्षा लेगा, लेकिन यह हमारे लिए एक शानदार मौका भी होगा कि हम शुरू में ही अपनी स्थिति आंक सकें। हमारा फोकस स्मार्ट और अनुशासित हॉकी खेलने पर रहेगा। हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना और वर्ल्ड कप में जगह पक्की करना है। टीम की उपकप्तान नवनीत कौर ने कहा, ''यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण रहेगा, क्योंकि एशिया की शीर्ष टीमें आमने-सामने होंगी। हम इसे एक मौके की तरह देख रहे हैं कि अपनी पूरी ताकत मैदान पर दिखा सकें। हमने कठिन ट्रेनिंग की है और हर प्लान को सही तरीके से लागू करने की कोशिश करेंगे। जापान के खिलाफ पूल मुकाबला हमारे आत्मविश्वास को और बढ़ाएगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछली बार 2017 में एशिया कप का खिताब जीता था, जब उसने फाइनल में चीन को हराया था। इसके बाद से टीम लगातार मजबूत होती जा रही है और इस बार एक बार फिर खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है।

### एशिया कप 2025 में भारत के पूल-बी मुकाबले

5 सितंबर 2025: भारत बनाम थाईलैंड
6 सितंबर 2025: जापान बनाम भारत
8 सितंबर 2025: भारत बनाम सिंगापुर

### वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

नई दिल्ली। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने जुलाई में होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय आस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान ऑलराउंडर मिशेल मार्श को सौंपी गई है। ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज दौरे पर तीन टेस्ट और पांच टी-20 मैच खेलने हैं। टी-20 श्रृंखला की शुरुआत 19 जुलाई को होगी। टी-20 टीम में पहली बार मिशेल ओवेन और मैथ्यू कुहनेमैन को शामिल किया गया है। दोनों ने घरेलू एवं लीग क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। कैमरून ग्रीन और कूपर कोनोली टीम में वापस आए हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी टीम में शामिल किया गया है। वे पाकिस्तान के खिलाफ पिछली टी20 सीरीज में नहीं खेल पाए थे। जेक फ्रेजर मैकगर्क और मार्क स्टोइनिस को टीम से बाहर कर दिया गया है। चयन प्रमुख जॉर्ज बेली का कहना है कि यह श्रृंखला अगले वर्ष भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने के लिए महत्वपूर्ण है।

# सर्राफा बाजार में तेजी जारी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का माहौल बना हुआ है। सोना आज 200 रुपये से लेकर 260 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,170 रुपये से लेकर 99,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,900 रुपये से लेकर 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज 1,900 रुपये तक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### भारत ने डब्ल्यूटीओ से गैर-टैरिफ बाधाओं पर कार्रवाई करने का आग्रह किया

पेरिस। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत ने गैर-टैरिफ बाधाओं पर अंकुश लगाने, गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं के कारण होने वाली व्यापार विकृतियों को दूर करने तथा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में एक मजबूत विवाद निपटान तंत्र को बहाल करने के लिए कार्रवाई का आह्वान किया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने फ्रांस के पेरिस में आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) की मंत्रिस्तरीय परिषद की बैठक में विश्व व्यापार संगठन के व्यापार मंत्रियों के साथ चर्चा के दौरान यह बात कही। गोयल ने विश्व व्यापार संगठन के व्यापार मंत्रियों के साथ बहुपक्षीय व्यापार सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। गोयल ने डब्ल्यूटीओ में वर्तमान सर्वसम्मति-आधारित दृष्टिकोण को मजबूत करने, कम विकसित देशों और विकासशील देशों को दिए जाने वाले विशेष और विभेदकारी व्यवहार तथा उन मुद्दों पर पुनः ध्यान केंद्रित करने की वकालत की, जिन्हें पिछली मंत्रिस्तरीय बैठकों में पहले ही अंतिम रूप दिया जा चुका है।

# आरबीआई की एमपीसी बैठक शुरू, रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती संभव

एजेंसी

नई दिल्ली/मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को मुंबई में आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुरू हो गई है। जानकारों का मानना है कि रिजर्व बैंक लगातार तीसरी बार नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की और कटौती कर सकता है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक मुंबई में शुरू हो गई है। छह सदस्यीय समिति गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हो रही बैठक के निर्णय की घोषणा शुक्रवार, 6 जून को करेगी। एक?सपर्ट कहा कहना है कि आरबीआई लगातार तीसरी बार नीतिगत ब्याज दरों रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। इसकी वजह महंगाई दर में नरमी, आर्थिक वृद्धि दर को और बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किया है, ताकि अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच विकास को बढ़ावा दिया जा सके। आर्थिक मामलों के जानकारों को मानना है कि मौजूदा समय में महंगाई दर संतुलित स्थिति में है। रिजर्व बैंक ने तरलता की स्थिति को कई उपायों के माध्?यम से काफी सहज बना दिया है। ऐसे में उम्मीद है कि आरबीआई 4-6 जून तक चलने वाली एमपीसी की बैठक में रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती का निर्णय ले सकती है। इसके अलावा इस बैठक में आरबीआई अपनी विकास दर और महंगाई दर के अनुमान को भी संशोधित कर सकता है। इसकी वजह देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महुंगाई दर अप्रैल में घटकर छह साल के निचले स्तर पर आ गई है। मार्च में खुदरा महंगाई दर 3.34 फीसदी और फरवरी में 3.61 फीसदी रही थी।

### सौर क्षमता बढ़ाने के लिए 925 करोड़ रुपये का निवेश करेगी मारुति सुजुकी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने बुधवार को कहा कि वह वित्त वर्ष 2030-31 तक अपनी कैप्टिव सौर क्षमता को 319 मेगावाट तक बढ़ाने के लिए 925 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की योजना बना रही है। इसके साथ ही कंपनी ने दो नई परियोजनाओं के साथ अपनी सौर क्षमता को 30 मेगावाट तक बढ़ाने की घोषणा की है। कार बाजार की अग्रणी मारुति सुजुकी इंडिया ने जारी एक बयान में बताया कि कंपनी ने इन अतिरिक्त संयंत्रों के साथ हरियाणा के खरखौदा स्थित अपने नए संयंत्र में 20 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना चालू की है। उसने मानेसर संयंत्र में 10 मेगावाट की अतिरिक्त सौर क्षमता जोड़ी है।

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**■ वर्ष 2025 तक 1,000 से अधिक गांवों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली लागू करने व 15 शहरी स्थानीय निकायों में सामग्री प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करने का लक्ष्य**

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से पहले प्लास्टिक के उपयोग के बारे में जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू करके पर्यावरण जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। इस पहल के तहत बैंक ग्राहकों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। एचडीएफसी बैंक के सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के तहत चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत चुनिंदा बैंक शाखाओं के ग्राहकों को अपने प्लास्टिक ई-कचरे को रीसायकल करने के लिए शाखा में जमा करने तथा अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए प्लास्टिक के विकल्प का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा, बैंक कर्मचारियों के नेतृत्व में जागरूकता सत्र, संग्रहण अभियान तथा सफाई अभियान आयोजित करेगा, जिससे प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए सामूहिक सहयोग देने को प्रोत्साहित किया जा सके। बैंक ने पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को सरल, लेकिन प्रभावी तरीकों से अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए ऑनलाइन शपथ लेने में सक्षम बनाने के लिए एक समर्पित वेबपेज भी लॉन्च किया है। जागरूकता अभियान के साथ-साथ, बैंक पूरे भारत में अपने समुदाय-नेतृत्व वाले अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रमों को भी आगे बढ़ा रहा है। परिवर्तन हस्तक्षेपों के माध्यम से, बैंक का लक्ष्य वर्ष 2025 तक 1,000 से अधिक गांवों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को लागू करना और 15 शहरी स्थानीय निकायों में सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाएँ स्थापित करना है। भारत भर के विभिन्न क्षेत्रों में, बैंक ने समग्र दृष्टिकोण में अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण और लैंडफिल निर्भरता को कम करने को लागू किया है। ये प्रयास 'स्वच्छ भारत अभियान' और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) जैसे राष्ट्रीय मिशनों के साथ संरेखित हैं और हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल, असम, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में फैले हुए हैं, जो शैक्षिक पहल, कला प्रतिष्ठानों और व्यवहार परिवर्तन अभियानों के माध्यम से निवासियों को जोड़ते हैं। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक श्री कैजाद भरूचा ने कहा, ''एचडीएफसी बैंक में, हम मानते हैं कि सार्थक परिवर्तन समुदायों के साथ मिलकर किया जाता है। प्लास्टिक जागरूकता अभियान सहित हमारी परिवर्तन पहल स्थानीय स्वामित्व का समर्थन करने और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी के माध्यम से स्थायी प्रभाव पैदा करने के लिए डिज़ाइन की गई है। प्लास्टिक प्रदूषण को दूर करने के लिए मिलकर काम करके, हम पर्यावरण की रक्षा करने और जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं उनके सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने को मजबूत करने में एक छोटी सी भूमिका निभा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में एक प्रमुख परियोजना में वेस्ट वॉरियर्स के साथ साझेदारी में अपसाइकल की गई प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन से बने 26-फुट के भित्ति चित्र का शुभारंभ किया गया। बीर और धर्मशाला में, एचडीएफसी बैंक 10 पंचायतों में 'व्यवहार परिवर्तन अभियान' लागू कर रहा है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में लैंडफिल से 200 मीट्रिक टन से अधिक सूखे कचरे को हटाएगा। विशाखापत्तनम में, बैंक ने ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर स्वयं सहायता समूहों और सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया, जिससे कचरे को आर्थिक अवसरों में बदला जा सके। छत्तीसगढ़, असम और केरल में इसी प्रकार की पहल से हजारों टन सूखे कचरे का प्रसंस्करण किया गया है, अनौपचारिक कचरा श्रमिकों को एकीकृत किया गया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।